26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 15 मई, 2026
अंक- 200 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8
www.dainikchingari.com

# बर्थडे पार्टी बनी मौत का सबब

## शिवाला कलां में युवक को घर बुलाकर मारी गोली


मृतक का फाइल फोटो।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने आया युवक देर रात खूनी साजिश का शिकार हो गया। शिवाला कलां थाना क्षेत्र में पार्टी के बाद घर बुलाकर 23 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार अमरोहा जनपद के गांव अल्हैदादपुर निवासी लोकेश कुमार गुरुवार रात शिवाला कलां में विशाल की बर्थडे पार्टी में शामिल होने आया था। आरोप है कि पार्टी खत्म होने के बाद सिंटू उर्फ सचिन ने फोन कर लोकेश को अपने घर बुलाया। लोकेश अपने दोस्तों विशाल, लक्की और उज्ज्वल के साथ बाइक से वहां पहुंचा, जहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उस पर हमला बोल दिया। इसी दौरान लोकेश को गोली मार दी गई। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। दोस्तों के सामने हुई इस सनसनीखेज हत्या से गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने सिंटू उर्फ विपिन, विशाल उर्फ बिट्टू, प्रियांशु चौहान और सिद्धार्थ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया कि मामले में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नीट परीक्षा अब 21 जून को

## अगले साल से ऑनलाइन परीक्षा, 15 मिनट का समय बढ़ाया




**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पेपर लीक होने के कारण रद्द हुई नीट परीक्षा अब 21 जून को होगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज यह ऐलान करते हुए बताया कि अगले सत्र से नीट यूजी परीक्षा ऑनलाइन कराई जायेगी। शिक्षा मंत्री ने माना कि 3 मई को हुई नीट यूजी 2026 की परीक्षा के पेपर लीक हुए थे। उन्होंने कहा, 'हम नहीं चाहते थे कि कोई गलत कैंडिडेट सिलेक्ट हो जाए। इसलिए हमने बड़ी जिम्मेदारी से परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया। अब यह परीक्षा रविवार 21 जून को होगी। 7 मई को गड़बड़ी का पता चला था। एनटीए ने सरकार को बताया। फिर 12 मई को रीएग्जाम का फैसला लिया गया।' शिक्षा मंत्री ने कहा, 'रीएग्जाम में छात्रों को 15 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम मिलेगा। छात्र रीएग्जाम में अपनी पसंद का सेंटर चुन पाएंगे।' इससे पहले 3 मई को यह एग्जाम देश के 551 और विदेशों के 14 शहरों में हुई था। इसके लिए 5400 से ज्यादा एग्जाम सेंटर्स बनाए गए थे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, राधाकृष्ण समिति की सिफारिशों का पालन करने के बावजूद यह उल्लंघन कैसे हुआ। ऐसे में सरकारी मशीनरी यह सुनिश्चित करेगी कि इस बार कोई अनियमितता न हो। मंत्री के रूप में, अभिभावक के रूप में, अधिकारी के रूप में हमें परीक्षा रद्द करने का कठिन निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि हमें सुधारों के लिए कई सुझाव मिले हैं। हम इस पर काम कर रहे हैं।

# पेट्रोले व डीजल के दाम 3-3 रुपये बढ़े

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी कर दी। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से गैर-ब्रांडेड डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पहले इसकी कीमत 87.67 रुपये प्रति लीटर थी। इसी प्रकार एक लीटर पेट्रोल की कीमत तीन रुपये बढ़ाकर 97.77 रुपये कर दी गयी है। कंपनी ने अपने ब्रांडेड (प्रीमियम) पेट्रोल एक्सपी95 की कीमत 2.99 रुपये बढ़ाकर 104.88 रुपये प्रति लीटर और ब्रांडेड डीजल एक्सजी की कीमत तीन रुपये बढ़ाकर 95.95 रुपये प्रति लीटर कर दी है।

पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
पित्ताशय की पथरी
(Gallbladder Stones)
लक्षण
भूख न लगना
पेट में दर्द
पेट में सूजन
मतली और उल्टी
मल का रंग पीला होना
थकान महसूस होना
आयुष्मान और टी.पी.ए. द्वारा
नि:शुल्क इलाज
आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे
आज ही हमारे विशेषज्ञ से सलाह लें
9897959151, 9719775240
BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701
आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं



मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE
इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती
डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर





बिजनौर में खुल गया है
ATHER
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911



# मोदी की सामयिक अपील

## ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील

**एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।**
**ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करें, मेट्रो का उपयोग करें, और कारपूलिंग को बढ़ावा दें।**
**हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील, ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की है, उसे सामयिक, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इसमें राजनीति के पुट तलाशें, जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है, लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ था, उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान-इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं, लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हां, तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को



तैयारी का समय मिल जाएगा, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदने, खाने के तेल की खपत कम करने, अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं, बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रो, कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने-जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियां अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्रा, विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड-इन-इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनमें जूते, बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करें, प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशत, फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023-24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईंधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा, लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश-हित में है।



## रिजल्ट रहा 92.68 प्रतिशत

**चांदपुर ( चिंगारी )। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम 92.68 प्रतिशत रहा। छात्र पीयूष सैनी व मयंक यादव ने प्रथम, रिंकू सैनी ने द्वितीय व मयंक कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

## छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की और स्कूल का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने बताया कि छात्र इस्वानाज ने प्रथम, आरिफ़ा ने द्वितीय व शालिहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधक नीतू गुप्ता व प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन सराहना की।



## सिमरन कौर ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नजीबाबाद टॉप किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मूलचंद एकेडमी के विद्यार्थियों ने 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा सिमरन कौर ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नजीबाबाद टॉप किया। इसके अतिरिक्त सायना ने 91 प्रतिशत, अनिष्का ने 90.2 प्रतिशत, रश्मि ने 90.1 प्रतिशत तथा बरीरा खातून ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## सोफिया, ऋषभ, यश व शादान ने अच्छे अंक प्राप्त किये



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सन शाइन पब्लिक स्कूल का इन्टर का रिजल्ट 90 प्रतिशत रहा। छात्रा सोफिया ने 87 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ऋषभ व यश गुप्ता ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा शादान सैफी के 76 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल ने बताया कि विद्यालय का इन्टर का रिजल्ट बहुत अच्छा रहा। छात्र-छात्राओं ने कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से आने वाले समय में अधिक मेहनत कर सफलता प्राप्त करने का आव्हान किया।



कम कागजी कार्यवाही के साथ
तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

## शानदार रहा सिमराह स्कूल का परीक्षाफल, आलिया बनी स्कूल टॉपर

धामपुर (चिंगारी)। सिमराह इंटरनेशनल स्कूल ने 12वीं के सीबीएसई बोर्ड परिणाम में शानदार सफलता हासिल की है। 12वीं कक्षा में आलिया अंसारी ने 93 प्रतिशत, मो. वरशान ने 88 प्रतिशत, सिमराह कमाल ने 85 प्रतिशत, ज़ुहेब विसाल ने 82 प्रतिशत तथा मो. इबाद ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सिमराह कमाल, आर्यन गहलोत ने पेंटिंग में 100 प्रतिशत तथा मो. खिजर ने कंप्युटर साइंस में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। अयमन ने अंग्रेजी में 90, कंप्युटर साइंस में 91 तथा फिजिकल एजुकेशन में 85, रुहाना ने हिंदी में 90, मो. इबाद ने फिजिक्स में 80, साइम ने फिजिकल एजुकेशन में 84, सिमराह ने फिजिकल एजुकेशन में 86, आलिया अंसारी ने इकनॉमिक में 95, बिजनेस स्टडीज में 86, फिजिकल एजुकेशन में 90, पेंटिंग में 99 अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद कमाल, हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों की मेहनत का परिणाम है। इस अवसर पर रोहित गुप्ता, राजू कुमार, पल्लवी चौधरी, परवेज़ उमर, मेहताब अली, मो. असद, अब्दुल मन्नान, अल्का पाल, लक्ष्मी चौहान, रेखा ठाकुर, इकरा व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा साढू भूपेन्द्र पाल व मेरी सढियानी पार्वती देवी जो मुझे झूठे मुकदमे में फंसाने व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देते हैं, इसलिये मैं अपने साढू व अपनी सढियानी से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।

**-अमरीश कुमार पुत्र स्व. धीर सिंह, निवासी ग्राम इस्लामपुर दीपा, रावली रोड, बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा साला भूपेन्द्र पाल व मेरी सलज पार्वती देवी जो मुझे झूठे मुकदमों में फंसाने व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देते हैं, इसलिये मैं अपने साले व सलज से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहा हूं। इनके द्वारा किसी भी कृत्यों का मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगा।

**-जितेन्द्र कुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी मौहल्ला अम्बे बिहार, झालू रोड, बिजनौर**

## महिला के छप्पर से 13 हजार रूपए चोरी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर क्षेत्र में एक महिला के छप्पर के घर में कपड़े के अंदर छिपाकर रखे गये 13 हजार रूपए चोरी हो गये। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। यह घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। फुटेज में पैसे चोरी करके ले जाते दो युवक दिखाई दिये। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों को पकड़ने के प्रयास में जुट गई है।

## पूर्व राज्यमंत्री ओमवती को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश शर्मा की अध्यक्षता एवं अकरम खां के संचालन में शोक सभा आयोजित की गई। सभा में पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने कहा कि ओमवती देवी कांग्रेस की कर्मठ व मजबूत नेता थी। उनके जाने से पार्टी की काफी क्षति हुई है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, वसीम अख्तर, डॉक्टर सलीम सैफी, परवेज आलम, शहबाज मुल्तानी, गोविंद कुशवाहा, नदीम फारूकी आदि मौजूद रहे।



## पंडित गोपाल धीमान की सुपुत्री अविका शर्मा ने डीडीपीएस में किया टॉप



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणामों में जनपद के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला सहमीडिया प्रभारी पंडित गोपाल धीमान की सुपुत्री अविका शर्मा ने डीडीपीएस में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया है। अविका शर्मा की इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि शिक्षा जगत और राजनीतिक गलियारों में भी हर्ष व्याप्त है। अविका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के कठिन परिश्रम और अपनी नियमित पढ़ाई को दिया है और विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया।

## महेंद्र सिंह टिकैत : जिनके सामने सरकारें भी घुटने टेक देती थीं

**15वीं पुण्यतिथि पर विशेष**

**- रुकन राजपूत**

बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत किसानों की बेबाक, दबंग, सीधी, ईमानदार और प्रभावी आवाज थे। राजनीति, से कोसों दूर रहने वाले टिकैत साहब कहा करते थे कि जिसके हाथों में खेती करने के कारण पड़ने वाले निशान मौजूद नहीं है, वो संगठन का सच्चा सिपाही नहीं हो सकता है। टिकैत साहब की ईमानदारी और स्पष्टवादिता ने ही उन्हें किसानों का मसीहा और उत्तर भारत का सबसे बड़ा किसान नेता बनाया। उनके आंदोलनों से प्रशासन ही नहीं सरकारें हिल जाती थीं और उन्हें घुटने टेकने को मजबूर होना पड़ता था। आज की किसान राजनीति की दशा देखकर टिकैत साहब की कमी बड़ी शिद्दत से महसूस होती है। किसानों को अपने हक के लिये बोलना सिखाने वाले तथा किसान आंदोलनों के सबसे बड़े सृजक महात्मा महेन्द्र सिंह टिकैत के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर शायर अल्लामा इकबाल की ये पंक्तियां एकदम सटीक बैठती हैं-

**हजारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पे रोती है**
**बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा**

महात्मा महेन्द्र सिंह टिकैत को इस नश्वर संसार से जाये 15 साल हो गये, लेकिन उनकी आत्मा आज भी किसानों के उत्पीड़न के खिलाफ ईमानदारी से चलाये जाने वाले आंदोलनों में बसती है। किसान नेता बाबा टिकैत का नाम लेकर ही आंदोलनों में जान फूंकते हैं और किसानों में जोश भरते हैं। कदम-कदम पर सरकारों और प्रशासन की हिटलरशाही को देखकर किसानों को आज टिकैत साहब जैसे चमत्कारिक, दबंग और ईमानदार किसान नेता की बड़ी शिद्दत से जरूरत महसूस होती है। किसानों का मानना है कि उनके जाने के बाद किसान राजनीति में एक बड़ा खालीपन महसूस होता है। टिकैत साहब की स्वीकार्यता प्रत्येक जाति, मजहब, सम्प्रदाय और सभी क्षेत्रों के किसानों में थी। उनके जाने के बाद किसान यूनियन में बड़ी टूट हुई और धड़ाधड़ नये-नये किसान संगठन बनते चले गये।

### मुख्यमंत्री को करवे से पानी पिलाया था

वर्ष 1987 में बिजली की बढ़ी दरों को लेकर टिकैत साहब के नेतृत्व में किसान लामबंद हुए थे। तब मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह थे। आंदोलन से परेशान होकर वीर बहादुर सिंह ने महेन्द्र सिंह टिकैत से बात की थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि वे किसानों की पंचायत में सिसौली आना चाहते हैं तथा किसानों के लिये कुछ घोषणा करना चाहते हैं। टिकैत साहब ने आने की शर्त रखी- आपके साथ न कांग्रेस का झंडा होगा और न ही कोई राजनीतिक कार्यकर्ता या पुलिस वाला होगा। मुख्यमंत्री जी ने टिकैत साहब की शर्त मानकर 11 अगस्त को सिसौली जाने की तारीख तय की। जब वीर बहादुर सिंह का हेलीकॉप्टर उतरा, तो उनके स्वागत के लिये कोई मौजूद नहीं था। हेलीपैड से मंच तक पैदल ही जाना पड़ा। मंच पर पहुंचने के बाद टिकैत साहब ने पंचायत को सम्बोधित किया, तो मुख्यमंत्री को खूब खरी-खोटी सुनाई। इतना ही नहीं जब मुख्यमंत्री ने मंच पर मौजूद किसानों से पीने के लिये पानी मांगा, तो भाकियू कार्यकर्ताओं ने उन्हें करवे (टोंटी वाला छोटा घड़ा) द्वारा चुल्लू से पानी पिलाया था। यूं तो टिकैत साहब के नेतृत्व में कई आंदोलन हुए, मगर एक आंदोलन ऐसा भी था, जिसने केन्द्र सरकार को भी हिलाकर रख दिया था। नई दिल्ली के वोट क्लब में 25 अक्टूबर, 1988 को एक बड़ी किसान पंचायत हुई थी। इस पंचायत में 14 राज्यों से लगभग 5 लाख किसान आये थे। किसानों ने विजय चौक से लेकर इंडिया गेट तक अपना कब्जा कर लिया था। सात दिनों तक चले इस किसान आंदोलन का असर इतना व्यापक हुआ था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी को खुद पहल करके आंदोलन खत्म कराना पड़ा था। टिकैत साहब हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रबल पक्षधर थे। वे कहते थे कि मिलकर रहोगे और अपनी समस्याओं के लिये संगठित होकर लड़ोगे, तो सफलता जरूर मिलेगी। उनके आंदोलनों में नारे लगते थे, अल्लाह हू अकबर, हर-हर महादेव। इस नारे से न हिन्दुओं को ऐतराज था और न मुस्लिमों को। टिकैत साहब सामाजिक सुधारों के लिये भी जागरूकता आंदोलन चलाते थे। 11 अगस्त, 1987 को उन्होंने सिसौली में एक महापंचायत बुलाई थी, जिसमें बिजली दरों में वृद्धि, फसलों के लाभकारी दाम न मिलने, गन्ने का बकाया भुगतान न होने के अलावा सामाजिक बुराईयों दहेज प्रथा, मृत्यु भोज, नशाखोरी, भ्रूण हत्या के विरुद्ध भी आवाज बुलंद की गई थी।



# बेटी ने प्रेमी के साथ मिलकर डलवाई थी पिता के घर में डकैती

## बेटी व प्रेमी समेत 5 लोग गिरफ्तार

**मुरादाबाद ( चिंगारी )। महानगर में पीतल कारोबारी के घर में हुई डकैती का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डकैती की साजिश कारोबारी की बेटी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ मिलकर रची थी।**

कारोबारी की बेटी का 8 साल से एक युवक के साथ अफेयर चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन कारोबारी और उसका परिवार इसके लिए तैयार नहीं था। इसके बाद दोनों ने मिलकर घर में डकैती की योजना बनाई। बेटी ने अपने ब्वॉयफ्रेंड को घर की एक-एक जानकारी दी। साथ ही एक महीने पहले घर के मेन डोर की चाबी बनवाकर अपने बॉयफ्रेंड को दे दी।

11 मई की रात बेटी ने घर के अंदर से बटन दबाकर डिजिटल लॉक खोला, जिससे बदमाश आसानी से घर में घुसे। बदमाशों ने कारोबारी के परिवार को बंधक बनाकर 1.20 करोड़ कैश और 6 तोला सोना लूट लिया। फिर आसानी से बदमाश दो कारों में सवार होकर वहां से भाग निकले थे। सीसीटीवी कैमरे और पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी बी फार्मा के छात्र हैं। बदमाशों के पास से 47 लाख 24 हजार रुपए, कई अवैध हथियार और दो कारें बरामद हुई हैं। घटना में शामिल तीन अन्यों की तलाश जारी है।



प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया- पीतल कारोबारी मोहम्मद इमरान की बेटी अरीबा (21) और अमरोहा के रहने वाले अरशद वारसी (27) के बीच पिछले 7-8 साल से अफेयर था। दोनों शादी करके साथ जिंदगी जीना चाहते थे, लेकिन कारोबारी और उसका परिवार इसके खिलाफ था। वहीं, अरीबा और अरशद वारसी साथ जीने का फैसला कर चुके थे। अरीबा और अरशद शादी करके परिवार से दूर जाकर रहना चाहते थे। इसके लिए दोनों को रुपए की जरूरत थी, इसलिए दोनों ने मिलकर लूट की प्लानिंग बनाई। इस मामले में पुलिस ने अरीबा व अरशद के साथ ही कुलदीप, रवि कुमार व निक्की को गिरफ्तार किया है।

# चोरी का विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम किरारखेड़ी में आज प्रातः दुकान में सामान चोरी करने के उद्देश्य से दाखिल हुए युवकों का जब दुकानदार ने विरोध किया तो उन्होंने लोहे की रॉड मारकर दुकानदार सद्दाम हुसैन को घायल कर दिया। सद्दाम हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर 72000 रुपये नगद और 15000 का सामान चोरी करने का आरोप लगाया है।



ग्राम किरारखेड़ी निवासी कातिक अहमद ने बताया कि उसका भाई सद्दाम हुसैन गांव में परचून की दुकान करता है। आज प्रातः नौ बजे जब सद्दाम दुकान का सामान लेने गया था तब तीन युवक उसकी दुकान में चोरी करने के उद्देश्य से दाखिल हुए। इसी बीच सद्दाम हुसैन जब दुकान पर पहुंचा तो उसने विरोध किया, जिस पर उन्होंने सद्दाम के सर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया, जिससे उसकी बाई आंख पर गहरी चोट आई है और वह बेहोश होकर वहीं गिर पड़ा।

घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए उन्होंने भूरे पुत्र शेर खां ,रेहान व मोनू को नामजद करते हुए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गुहार की है।

# 4 हाफ़िज़-ए-क़ुरआन की दस्तारबंदी हुई



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** मदरसा इस्लामिया अरबिया खादिमुल इस्लाम फारूकिया जामा मस्जिद मरकज मानियावाला में एक दीनी इजलास का इनअकाद किया गया। इमाम ईदगाह मानियावाला मौलाना नईम अहमद की सरपरस्ती, बुजुर्ग आलिम-ए-दीन मुफ्ती अब्दुल रहमान (नौगावां) की सदारत, मौलाना शराफतुल्ला की कयादत व मुफ्ती जुबेर आलम उदयपुरी की निजामत में मुनअकिद इस प्रोग्राम का आगाज कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरआन व कारी मिर्जा अनस अमरोहवी की नात-ए-पाक से हुआ। प्रोग्राम को खासतौर से खिताब करते हुए फिरोजाबाद से तशरीफ़ लाए प्रोफेसर मौलाना आदम मुस्तफा ने मुसलमानों को दुनियावी जिंदगी में आखिरत की तैयारी करने की नसीहत की। उन्होंने कुरआन की अहमियत और अजमत पर भी रोशनी डाली। इस मौके पर मौजूद उलेमा-ए-किराम के दस्त-ए-मुबारक से मदरसे के दर्जा हिफ्ज से फारिग हुए चार तलबा हाफिज मौ. अली, हाफिज मौ. हमजा, हाफिज मौ. जैद व हाफिज अंजर अली की दस्तारबंदी की गई। प्रोग्राम में मौलाना असलम, मौलाना आफताब, मौलाना हसीबुर्रहमान, मौलाना इरफान, कारी तैयब वगैरा उलेमा व जिम्मेदार हजरात मंच पर रौनक अफरोज रहे। प्रोग्राम को कामयाब बनाने में मदरसे के मोहतमिम मौलाना उमेर कासमी की जेर-ए-निगरानी में मदरसे के कई तलबा समेत मुदर्रीसीन कारी अब्दुर्रहमान व मौलाना शादाब का अहम रोल रहा।

# हीटवेव को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर

## अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हीटवेव (लू) से बचाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व नोडल अधिकारी आपदा वान्या सिंह ने की।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी के माध्यम से लोगों को लू से बचाव, उसके लक्षण और उपचार की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि गर्मी और लू से बचाव के लिए बताए गए उपायों को अपनाएं और सतर्क रहें।



बैठक में जिला आपदा विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव ने हीटवेव से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि घर की खिड़कियों को एलुमिनियम पन्नी, गत्ते या रिफ्लेक्टर सामग्री से ढककर रखें, ताकि गर्म हवा अंदर न आ सके। दोपहर में गर्म हवा आने वाले दरवाजों और खिड़कियों पर काले पर्दे लगाने की सलाह भी दी गई। बच्चों व पालतू जानवरों को भी बंद वाहन में अकेला न छोड़ें, जहां तक संभव हो घर के अंदर रहें और धूप से बचें। बाहर निकलते समय सिर और शरीर को कपड़े व टोपी से ढककर रखें। संतुलित और हल्का भोजन करें तथा मादक पदार्थों से दूरी बनाए रखें।

### लस्सी, छाछ और नींबू पानी का करें सेवन

विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के दौरान शरीर में पानी और नमक की कमी होने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को लस्सी, छाछ, मट्ठा, बेल का शर्बत, नींबू पानी और आम का पना जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई। साथ ही बासी भोजन और नशीले पदार्थों से बचने को कहा गया।

### इन लोगों को ज्यादा खतरा

**बैठक में बताया गया कि हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों को लू से विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।**

### लू के प्रमुख लक्षण

विशेषज्ञों के अनुसार गर्म, लाल और शुष्क त्वचा, पसीना न आना, तेज धड़कन, सांस लेने में तेजी, सिरदर्द, चक्कर आना, कमजोरी, मिचली और भ्रम की स्थिति लू के प्रमुख लक्षण हैं। समय पर उपचार न मिलने पर शरीर के आंतरिक अंगों, विशेषकर मस्तिष्क को नुकसान पहुंच सकता है।

# मंडावर के युवक की सऊदी अरब में हार्ट अटैक से मौत



**मंडावर ( चिंगारी )।** लगभग 4 वर्ष से सऊदी अरब में रहकर ड्राइवर का काम कर रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार जावेद अहमद पुत्र रईस अहमद (30 वर्ष) निवासी मौ. फ़राशटोली करीब 4 वर्षों से सऊदी अरब के रियाद में ड्राइवर का कार्य करता था। बुधवार देर शाम वह ड्यूटी से अपने रूम पर पहुंचा और नहाने के लिए बाथरूम में गया, जहां अचानक गिर गया। आवाज सुन पास के रूम वालों ने देखा और नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जावेद को मृत घोषित कर दिया। मृतक की अभी शादी नहीं हुई थी। घर पर सिर्फ एक छोटा भाई है। कई वर्षों पूर्व माता-पिता का भी देहांत हो गया था।

# छात्र के झुलसने पर निगम हरकत में आया, हाईटेंशन तार स्कूल परिसर से हटाया

**नगीना ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को पूरे दिन युद्ध स्तर पर काम करते हुए विद्युत निगम की टीम ने क्षेत्र के ग्राम हरबंशपुर धारम में स्थित सरकारी स्कूल परिसर से होकर निकल रहे बिजली के हाई टेंशन तारों को स्कूल परिसर से बाहर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जो काम पिछले कई सालों से नहीं हो पाया, वह काम एक छात्र के करंट से झुलसने के बाद एक दिन में ही हो गया।



क्षेत्र के ग्राम हरबंशपुर धारम में स्थित सिविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में होकर निकल रहे हाई टेंशन विद्युत तारों की चपेट में आने से कक्षा सात का छात्र हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस हादसे की ख़बर समाचार-पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए विद्युत निगम की टीम ने बृहस्पतिवार को गांव के सरकारी स्कूल परिसर में डेरा डाल दिया तथा युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए हाईटेंशन विद्युत तारों को स्कूल परिसर से बाहर कर दिया।

एसडीओ विद्युत रामकेश का कहना है कि हाई टेंशन विद्युत तारों को स्कूल परिसर से बाहर कर दिया गया है। इसके लिए दो नये बिजली खंभे लगाने पड़े हैं। उनका कहना है कि हाई टेंशन तारों से लोगों की भविष्य में सुरक्षा के लिए इसमें जाल लगाने का काम भी किया जाएगा। उनका कहना है कि हाई टेंशन तार की चपेट में आने से झुलसे छात्र के परिजनों की मदद के लिए उच्च अधिकारियों को लिख दिया गया है। उनका कहना है कि जांच के बाद जो भी आर्थिक सहायता विभाग से तय होगी वह परिवार को मिल जाएगी।

# टिकैत की पुण्यतिथि पर हवन किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि पर हवन किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। ग्राम बागड़पुर में स्व. चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा स्थल पर हवन हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत ने जीवन पर्यन्त किसानों, गरीबों व शोषित लोगों को न्याय व सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष किया, जिसके लिये उनको हमेशा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में भाकियू के पउप्र के महासचिव चौ. कुलदीप सिंह, भाकियू के तहसील अध्यक्ष नितिन राणा, युवा रालोद नेता हनी तोमर, लुधियान सिंह, रामपाल सिंह, सोमपाल सिंह,हरिराज सिंह, रोहिताश सिंह, सुभाष सिंह, चतर सिंह, ब्रजपाल सिंह, छत्र सिंह, सुधांशु, अशोक कुमार, महिपाल सिंह, सुनील कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।



# कुंवर रसिक चौहान बने क्षत्रिय करणी सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने सामाजिक और राष्ट्रहित के कार्यों से पहचान बना रहे कुंवर रसिक चौहान को क्षत्रिय करणी सेना ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राष्ट्रीय संरक्षक महेंद्र सिंह सिकरवार ने उन्हें क्षत्रिय करणी सेना का पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुंवर रसिक चौहान ने इसी वर्ष जनवरी में वीर सेना (भारत) का गठन किया था। संगठन के माध्यम से सनातन धर्म, राष्ट्रहित और समाज सेवा से जुड़े कार्य लगातार किए जा रहे थे, जिससे पश्चिम उत्तर प्रदेश में उनकी कार्यशैली की व्यापक सराहना हो रही थी। इन्हीं कार्यों से प्रभावित होकर क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक डॉ. राज शेखावत और राष्ट्रीय संरक्षक श्री महेंद्र सिंह सिकरवार का बिजनौर आगमन हुआ। उन्होंने कुंवर रसिक चौहान को करणी सेना परिवार का हिस्सा बनने का प्रस्ताव दिया था। क्षत्रिय समाज का मानना है कि करणी सेना ने पूर्व में समाज को संगठित करने, जागरूकता अभियान चलाने और सनातन व राष्ट्रहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। अब कुंवर रसिक चौहान के नेतृत्व में संगठन को पश्चिम उत्तर प्रदेश में नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# गन्ना नियंत्रण आदेश को लेकर जयंत चौधरी से मिले भाकियू अ के पदाधिकारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाकियू अराजनीतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक और युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के संबंध में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री भारत सरकार जयंत चौधरी से महत्वपूर्ण चर्चा कर गन्ना किसानों के हित में कई अहम सुझाव एवं संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। बुधवार को भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 के संबंध में जयंत चौधरी से मिले तथा महत्वपूर्ण चर्चा कर सुझाव और संशोधन के लिए प्रस्ताव दिए। युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगम्बर सिंह ने बताया कि दिल्ली में करीब एक घंटा चली चर्चा में सभी बिंदुओं पर गहनता से विचार-विमर्श कर तय बिंदुओं को भारत सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है। दिगम्बर सिंह ने बताया कि चर्चा में कोल्हू, क्रेशर की परिभाषा,गन्ना मूल्य तय करते समय सभी सह उत्पादों को आधार बनाने, दो चीनी मिलों के बीच की दूरी बढ़ाने को समाप्त करने, कोल्हू, क्रेशर पर इंस्पेक्टर राज में कमी करते हुए राज्य के अधिकार पर छोड़ना, गन्ने के भुगतान, बकाया आदि का रियल टाइम डेटा बनाना आदि पर सहमति बनी। दिगम्बर सिंह ने बताया जयंत चौधरी से हुई वार्ता सकारात्मक रही। यह बैठक भविष्य में गन्ना किसानों के लिए कल्याणकारी साबित होगी।



# 12वीं परीक्षा करने वाला छात्र लापता



**धामपुर ( चिंगारी )। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल से कक्षा 12 की परीक्षा पास करने वाला छात्र एकाग्र राज सिंह घर से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया उनके पिता ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। धामपुर में सेंट मैरी स्कूल के पास स्थित लक्ष्मी नगर कॉलोनी निवासी राजकुमार सिंह जिला सहकारी बैंक ,मोरना में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं, उनके पुत्र एकाग्र राज सिंह ने इस वर्ष इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि कल शाम उनका पुत्र घर से अचानक लापता हो गया उन्होंने पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने एकाग्र के मोबाइल को सर्विलांस पर लगा दिया है। आज प्रातः उसकी लोकेशन मुरादाबाद आई है।**

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

# नई सरकारों से उम्मीदें

यूं तो हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए हैं, लेकिन चुनाव परिणाम के बाद जिन राज्यों की चर्चा सर्वाधिक है, उनमें पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु हैं। बंगाल में जहां भारतीय जनता पार्टी पहली बार सत्ता में आयी है, वहां तमिलनाडु में फिल्म अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके ने परचम लहराया है। दोनों ही राज्यों में सत्ता परिवर्तन के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन की भी लहर चल रही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी 15 साल तक सत्ता पर काबिज रही तो तमिलनाडु में डीएमके और अन्ना डीएमके ने शासन किया। भाजपा जिन वादों के साथ बंगाल में सत्ता में आई है, उन्हें पूरा करना मामूली चुनौती नहीं है। इसी तरह विजय ने जो सपने तमिल जनता को दिखाये हैं, उन्हें पूरा करने के लिये दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ-साथ कुशल प्रशासन की आवश्यकता है। दोनों राज्यों की जनता को नई सरकारों से बड़ी उम्मीदें हैं। देखना है ये सरकारें जनता की कसौटी पर कहां तक खरा उतरती हैं। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, लगभग 50 साल से जारी अपराध और भ्रष्टाचार को मिटाना बहुत आसान नहीं होगा। लेकिन यदि भाजपा स्वयं को मिले प्रचंड जनादेश का प्रयोग कर जनता को इस अभियान में व्यापक रूप से शामिल करे तो वह सफल हो सकती है। अमित शाह तथा भाजपा के अन्य नेताओं ने वादा किया है कि राज्य में भाजपा सरकार द्वारा लाए जाने वाले परिवर्तन कुछ ही महीनों में जमीन पर दिखने लगेंगे। यह भाजपा के लिए रणनीतिक और चुनावी रूप से भी जरूरी है क्योंकि पार्टी 2027 के विधानसभा चुनावों तथा 2029 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में प्राप्त उपलब्धियों का व्यापक लाभ उठाना चाहेगी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की विजय इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि ममता बनर्जी ने इसे बांग्ला विशिष्टतावाद पर कथित रूप से उत्तर भारतीयों और 'हिंदुत्ववादी' संस्कृति के आक्रमण की तरह पेश किया था। भाजपा ने इस विशिष्टतावाद और 'पहचान' से पैदा करने की कोशिश करने वाली दीवालों को गिरा दिया है। रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को खासतौर से याद किया जो बंगाल में भाजपा के सबसे बड़े नेता होने के साथ ही देश की एकजुटता के प्रबल पैरोकार थे। भाजपा के वरिष्ठतम कार्यकर्ता माखन लाल की मंच पर उपस्थिति और प्रधानमंत्री द्वारा उनके चरण स्पर्श भी महत्वपूर्ण प्रतीक है। इसी तरह तमिलनाडु में टीवीके सरकार के सामने अनेक चुनौतियां हैं। विजय ढेर सारे वादे करके सत्ता में आये हैं। भारत की जनता की यह विशिष्टता है कि वह जितनी जल्दी नेताओं को सिर-माथे पर बिठाती है, उतनी ही जल्दी जमीन पर भी पटक देती है। उम्मीद करनी चाहिए कि जनता जिन उम्मीदों से विजय को विजय दिलाई है, वे उन पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे।

# थलापति की हुंकार

## युवा क्रांति ने हिला दी तमिलनाडु की सत्ता

साल 2024 में जब उन्होंने 'तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK)' की स्थापना की, तब कई लोगों ने इसे केवल एक फिल्म सितारे की राजनीतिक महत्वाकांक्षा माना। आलोचकों ने कहा कि राजनीति अभिनय नहीं है, लोकप्रियता शासन नहीं चला सकती। लेकिन विजय ने धैर्य, रणनीति और अनुशासित संगठन के माध्यम से यह साबित किया कि जनता के बीच वर्षों तक बनाया गया विश्वास चुनावी शक्ति में बदला जा सकता है।

दक्षिण भारत की राजनीति में उभरा 'थलापति' यानि 'सेनापति' विजय का नाम आज केवल एक अभिनेता या लोकप्रिय चेहरे का नहीं, बल्कि युवा चेतना, परिवर्तन और नई राजनीतिक क्रांति के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। अपनी सेना करोड़ों प्रशंसकों के दिलों पर राज करने वाले विजय ने यह सिद्ध किया कि यदि जनसमर्थन को सही दिशा, संगठन और उद्देश्य मिले, तो वह केवल मनोरंजन की दुनिया तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सत्ता और व्यवस्था परिवर्तन का माध्यम भी बन सकता है।



तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ आंदोलन की विचारधारा और उसके प्रभावशाली नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती रही। पेरियार ई.वी. रामासामी ने सामाजिक न्याय और द्रविड़ चेतना की नींव रखी, जिसे आगे चलकर सी.एन. अन्नादुरई ने राजनीतिक रूप दिया। बाद में एम. करुणानिधि और एम.जी. रामचंद्रन जैसे नेताओं ने तमिल राजनीति को जनआंदोलन और व्यक्तित्व आधारित राजनीति में बदल दिया। एम.जी. रामचंद्रन के बाद जे. जयललिता और दूसरी ओर करुणानिधि के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम ने दशकों तक तमिलनाडु की सत्ता और राजनीतिक वर्चस्व को नियंत्रित किया। इस लंबे दौर में राजनीति दो बड़े ध्रुवों— द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच सीमित होकर रह गई थी।

ऐसे राजनीतिक परिवेश में जनता, विशेषकर युवाओं के भीतर धीरे-धीरे यह भावना जन्म लेने लगी कि राजनीति में नई सोच, नई ऊर्जा और स्वच्छ नेतृत्व की आवश्यकता है। इसी समय थलापति विजय ने केवल भाषणों से नहीं, बल्कि वर्षों की सामाजिक तैयारी से अपने राजनीतिक सफर की नींव रखी। उन्होंने अपने विशाल प्रशंसक संगठन को समाजसेवा की शक्ति में बदला। रक्तदान शिविर, गरीबों की सहायता, शिक्षा सहयोग, राहत कार्य और जनसेवा के माध्यम से उन्होंने युवाओं को केवल प्रशंसक नहीं, बल्कि सामाजिक भागीदारी का सैनिक बनाया।

विजय की सबसे बड़ी ताकत उनका करिश्मा नहीं, बल्कि युवाओं की मनोभावना को समझने की क्षमता रही। उन्होंने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि परिवर्तन का आंदोलन बताने का प्रयास किया। उनकी सभाओं, डिजिटल अभियानों और संदेशों में एक बात स्पष्ट दिखाई दी- नई पीढ़ी अब केवल वादे नहीं, परिवर्तन चाहती है।

साल 2024 में जब उन्होंने 'तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK)' की स्थापना की, तब कई लोगों ने इसे केवल एक फिल्म सितारे की राजनीतिक महत्वाकांक्षा माना। आलोचकों ने कहा कि राजनीति अभिनय नहीं है, लोकप्रियता शासन नहीं चला सकती। लेकिन विजय ने धैर्य, रणनीति और अनुशासित संगठन के माध्यम से यह साबित किया कि जनता के बीच वर्षों तक बनाया गया विश्वास चुनावी शक्ति में बदला जा सकता है।

उस समय तमिलनाडु की राजनीति भी संक्रमण के दौर से गुजर रही थी। जे. जयललिता और एम. करुणानिधि जैसे बड़े नेताओं के निधन के बाद राज्य की राजनीति में वैसा जनआकर्षण और भावनात्मक नेतृत्व दिखाई नहीं दे रहा था। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम में एम. के. स्टालिन का नेतृत्व उभर रहा था, जबकि अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम आंतरिक संघर्षों और नेतृत्व संकट से जूझ रही थी। भारतीय जनता पार्टी भी दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रही थी। ऐसे राजनीतिक शून्य और असंतोष के वातावरण में विजय ने स्वयं को पारंपरिक राजनीति के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया।

उनकी राजनीति का केंद्र युवा वर्ग बना। पहली बार मतदान करने वाले लाखों युवाओं ने उनमें एक ऐसे नेता की छवि देखी जो पुरानी राजनीतिक जड़ता को तोड़ सकता है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल संचार का प्रभावी उपयोग कर TVK ने एक ऐसी भावनात्मक और वैचारिक लहर तैयार की, जिसने पारंपरिक राजनीति को चुनौती दी। विजय ने अपने समर्थकों को केवल प्रशंसक नहीं रहने दिया, बल्कि उन्हें परिवर्तन की आवाज बना दिया।

राजनीतिक समीकरणों और जोड़तोड़ की दृष्टि से भी विजय ने स्वयं को प्रारंभ में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और भारतीय जनता पार्टी- दोनों से अलग विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया। बाद में उन्हें विभिन्न छोटे दलों, क्षेत्रीय नेताओं और असंतुष्ट राजनीतिक समूहों का समर्थन मिलने लगा। यह वही तमिलनाडु था जहां पहले एम.जी. रामचंद्रन ने कांग्रेस से अलग होकर अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम बनाई थी और बाद में जयललिता ने अपने करिश्मे से उसे सत्ता के शिखर तक पहुंचाया था। विजय ने भी इसी ऐतिहासिक राजनीतिक परंपरा को आधुनिक युवा ऊर्जा और डिजिटल राजनीति के साथ जोड़ने का प्रयास किया।

2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में यह युवा चेतना विस्फोट बनकर सामने आई। TVK ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए तमिल राजनीति की दशकों पुरानी संरचना को हिला दिया। विजय का मुख्यमंत्री बनना केवल एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि उस पीढ़ी की जीत माना गया, जो राजनीति में नये विकल्प की तलाश कर रही थी।

मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका पहला बड़ा निर्णय- विद्यालयों, महाविद्यालयों और पूजा स्थलों के पास स्थित 717 राज्य शराब विक्रय दुकानों को बंद करना, केवल प्रशासनिक आदेश नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश था। यह निर्णय युवाओं और समाज को नशामुक्त, अनुशासित और जागरूक भविष्य की ओर ले जाने की प्रतीकात्मक शुरुआत माना गया।

थलापति विजय की राजनीतिक यात्रा यह दर्शाती है कि जब कोई नेता जनता की भावनाओं, युवाओं के सपनों और सामाजिक ऊर्जा को संगठित कर देता है, तब राजनीति केवल चुनावी गणित नहीं रहती, बल्कि जनक्रांति का रूप ले लेती है। आज तमिलनाडु में उभरी यह 'युवा चेतना क्रांति' केवल एक राज्य की कहानी नहीं, बल्कि उस बदलते भारत का संकेत है, जहां नई पीढ़ी परंपरागत राजनीति से आगे बढ़कर नये नेतृत्व, नई सोच और नई व्यवस्था की मांग कर रही है।



▶▶प्रकाश पंकज, हल्दौर

# श्री श्री रवि शंकर जी के जन्मोत्सव पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

**बिजनौर (चिंगारी)।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक एवं आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रवि शंकर जी के 70 वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर जिला अस्पताल बिजनौर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य मानव सेवा, सामाजिक सहयोग एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराना रहा।

जिला अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा रक्तदाताओं की जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। आयोजकों ने बताया कि गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी हमेशा मानव सेवा और समाज कल्याण के कार्यों को बढ़ावा देते रहे हैं। उनके जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए यह रक्तदान शिविर लगाया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके।





शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं सम्मान पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अध्यापक सुबोध भार्गव, सर्वेश कश्यप,रचना पाल, हितेश भारद्वाज, स्वयंसेवक योगेंद्र प्रसाद, कपिल, दीपक प्रसाद, इशिता, कमल, कुणाल, विपिन, जवाहर, आकाश, दीपक जैन, माणिक आदि उपस्थित रहे।

# सीएम योगी से मिलीं कमलेश सैनी

**चांदपुर (चिंगारी)।** पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनसे विधानसभा क्षेत्र चांदपुर में गंगा के किनारे तटबंध बनाए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री को दिये गये पत्र में पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने कहा है कि प्रतिवर्ष बाढ़ से गरीब किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती हैं, जिससे किसानों की भारी क्षति होती है। पत्र में विधानसभा क्षेत्र चांदपुर के ग्राम महमूदा खादर से सलेमपुर, सीकरी, रायपुर, नारनोर, दत्तियाना, स्याली, सुजातपुर, बसंतपुर, ठेठ, बाडीवाला होते हुए देवीपुरा जनपद अमरोहा तक तटबंध बनाए जाने का अनुरोध किया गया है।



# 20 को भारत बंद की तैयारी

## लामबंद हुए दवा व्यापारी



**बिजनौर (चिंगारी)।** All India Organisation of Chemists and Druggists के आह्वान पर आगामी 20 मई को प्रस्तावित ऑल ओवर इंडिया बंद को लेकर बिजनौर में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला केमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर के जिला चेयरमैन देवेश कुमार ने सभी व्यापारी बंधुओं से इस बंद को सफल बनाने की अपील की है।

जिला चेयरमैन देवेश कुमार ने कहा कि यह बंद व्यापारियों के हितों और दवा व्यवसाय से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोर संचालकों, दवा व्यापारियों एवं व्यापारी संगठनों से एकजुट होकर 20 मई के भारत बंद में सहयोग देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और सभी को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। बिजनौर जनपद के व्यापारियों में बंद को लेकर व्यापक समर्थन देखने को मिल रहा है।

# गौकशी करने वाला, पकड़ा गया काला

**नांगल सोती (चिंगारी)।** थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि जुनैद उर्फ काला पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम दिनौड़ा थाना नांगल को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार करके उसके विरुद्ध आयुध अधिनियम की धारा 4/25 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियुक्त थाने का हिस्ट्रीशीटर है तथा गौकशी के अपराध में शामिल रहा है।

# एनसीसी भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में जूनियर डिवीजन एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया 30 बटालियन यूपी के सीओ कर्नल रोहिताश सिंह के आदेशानुसार नायक सूबेदार मुमताज एवं हवलदार सुधीर की देखरेख में संपन्न हुई, जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभागियों से दौड़, पुश अप, शारीरिक नापतोल एवं लिखित परीक्षा कराई गई। इस अवसर पर सीटीओ कु. रुखसार व गौरव कुमार का सराहनीय योगदान रहा। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में एनसीसी की आवश्यकता पर जोर दिया क्योंकि छात्रों को एनसीसी का प्रशिक्षण अनुशासन सिखाता है तथा सरकारी सेवाओं में बोनस अंक प्रदान कराने में सहायक बनता है।

# बरकातपुर मिल प्रशासन का आह्वान

## गन्ना सर्वेक्षण के दौरान, खेतों पर ही रहें किसान

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर प्रशासन ने किसानों से गन्ना सर्वेक्षण कार्य के दौरान खेतों पर उपस्थित रहने तथा गन्ने की फसल को बीमारियों से बचाने हेतु सचेत रहने एवं आवश्यक कदम उठाने का आहवान किया है। मिल प्रशासन का कहना है कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य जीपीएस मशीनों द्वारा गन्ना विभाग एवं चीनी मिल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। मिल प्रशासन की अपील है कि गन्ना सर्वेक्षण के दौरान किसान अपने खेतों पर मौजूद रहकर अपनी देखरेख में सही-सही रकबा एवं गन्ना प्रजाति को लिखवा लें, ताकि बाद में होने वाली किसी भी परेशानी से बचा जा सके।

मिल प्रशासन का यह भी कहना है कि इस समय गन्ने में चोटी बेधक कीट की द्वितीय पीढ़ी की तितली भी दिखाई दे रही है। इसकी रोकथाम के लिये खेतों में सीटीआरपी की 150 मिली मात्रा को 400 लीटर पानी में मिलाकर जड़ों के पास ड्रेंचिंग अवश्य करें तथा हल्की सिंचाई कर दें। यह कार्य इस समय पर करना अतिआवश्यक है। जो लाइट ट्रैप खेतों में लगाये गये हैं, समय-समय पर उनकी जांच करते रहें, उनकी सफाई करें एवं उनमें पानी बदलते रहें, जिससे लाइट ट्रैप लगाने का पूरा लाभ मिल सके।

महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने कृषकों से ट्राईकोडर्मा 2 लीटर प्रति एकड़ का प्रयोग अवश्ययक रूप से करने का अनुरोध किया है, ताकि खेतों में मौजूद रेड रॉट की फफूंदी से फसल को बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि कुछ खेतों में इस समय स्मट नामक बीमारी अत्याधिक मात्रा में दिखाई पड़ रही है। इसकी रोकथाम हेतु स्मट से ग्रसित पूरे थान को निकालकर खेत से बाहर कर दें तथा फफूंदीनाशक जैसे एजोक्सीस्ट्रविन 200 मिली प्रति एकड़ या बायो फंजीसाइड का छिड़काव अवश्य करें। चीनी मिल के गन्ना विकास विभाग के हेड चांदवीर सिंह ने भी खेतों का भ्रमण किया।



खेतों का भ्रमण करते बरकातपुर मिल के अधिकारी

# बंदरों के झुंड ने यात्री प्रतीक्षालय में बैठे व्यक्ति पर किया हमला

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** नगर में बंदरों और आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बंदरों और कुत्तों के झुंड आएदिन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं, जिससे नगरवासी दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है।



स्थानीय बस स्टैंड स्तिथ जसपुर तिराहे पर बने प्रतीक्षालय में बैठे अनीस सलमानी पर अचानक बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों ने उनके हाथ, पैर और कंधे पर काटकर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर उन्हें बचाया। प्राइवेट बस मुंशी जिया खान ने बताया कि दो दिन पहले बस का इंतजार कर रही कुछ महिलाओं पर भी बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया था, जिसमें महिलाएं घायल हो गई थीं। नगर के कई मोहल्लों और बाजारों में बंदरों और कुत्तों की फौज घूमती रहती है, जिससे लोगों में हर समय डर बना रहता है।

नगरवासियों का कहना है कि आवारा कुत्ते छोटे बच्चों को निशाना बना रहे हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे और गली-मोहल्लों में खेलने वाले मासूम लगातार खतरे में हैं। कई स्थानों पर कुत्तों के झुंड राहगीरों के पीछे दौड़ते नजर आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात फार्मासिस्ट मनोज कुमार ने बताया कि प्रतिदिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से 10 से 15 लोग बंदरों और कुत्तों के काटने के मामले में अस्पताल पहुंच रहे हैं।

नगर सभासद मुकीम खान, मुफ्ती रियाजुद्दीन, राजेंद्र सिंह, सीताराम पिपलिया एडवोकेट, शमसुद्दीन और मुस्तकीम अहमद आदि ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में अभियान चलाकर बंदरों और आवारा कुत्तों को पकड़वाया जाए, ताकि नगरवासियों को राहत मिल सके।

# युवा भारत सेवा समिति ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म वितरित की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। युवा भारत सेवा समिति की ओर से नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को यूनिफार्म वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में किसान सहकारी चीनी मिल के प्रबंधक महिपाल सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही समाज में तरक्की संभव है, जितने भी महापुरुष हुए हैं सभी ने शिक्षा पर जोर दिया है, शिक्षा ही जीवन का आधार है। उन्होंने आगे कहा कि आज जो छात्र यूनिफॉर्म लेने के लिए बैठे हैं कल अधिकारी बनकर यूनिफॉर्म देने वाले बनें। महिपाल सिंह ने कहा कि सामाजिक कार्य को अपने जीवन में वरिष्ठता के तौर पर उतारें। बिजनौर से आए पुलिस के प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि गर्मियों के मौसम में जरूरतमंद छात्रों को यूनिफॉर्म देने का कार्य बहुत ही पुण्य का कार्य है, ऐसे कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित होने चाहिए, दूसरे समाज से भी संस्थाओं को भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए, जिससे जरूरतमंद छात्रों का उपकार हो सके। उन्होंने छात्रों को बताया कि जीवन सादा होना चाहिए, जीवन में दिखावा नहीं होना चाहिए। जीवन में अच्छी शिक्षा ग्रहण करें तथा सरकारी सेवा में आकर भी समाज सेवा को ना भूलें। एसआईएमटी




सत्यपाल सिंह ने छात्रों को भविष्य में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। इससे पहले मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बेबी जया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिसार निरीक्षक देवेंद्र सिंह को सेवा समिति द्वारा शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शुभेंदु ने किया। सेवा समिति के उपाध्यक्ष शुभम ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में राकेश जुनेजा, संजीव गोयल, डॉ. मनोज कुमार, द्रोणा एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बक्श मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में डायरेक्टर सरदार हरप्रीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने सेवा समिति के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर आगे भी इस प्रकार के कार्य करने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम में डॉ. ऋषिपाल कश्यप, ओमप्रकाश, बसंतपाल, अनुज कुमार, पामित घाघट, मानस अग्रवाल, नफीस अहमद, श्रीमती आयशा आदि उपस्थित रहे।

# महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने अलकनंदा व भागीरथी के संगम में डुबकी लगाई

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। महाकाल भक्त मंडल की ओर से ज्योतिर्लिंग व बद्रीनाथ धाम के लिए गये भक्त मंडल के सदस्यों ने देवप्रयाग में अलकनंदा व भागीरथी के संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाई, जिसके बाद वह उत्तराखंड की रक्षक देवी मां धारा देवी मंदिर पहुंचे। जहां महाकाल भक्त मंडल के सदस्यों ने मां धारा देवी के समक्ष नतमस्तक होकर आगे की सकुशल यात्रा के लिए प्रार्थना की। संगठन के सदस्यों ने सोनप्रयाग पहुंचकर वहां से केदारनाथ की पैदल यात्रा की। महाकाल भक्त मंडल के सदस्य केदारनाथ ज्योतिर्लिंग, भीम शिला व आदि शंकराचार्य के दर्शन कर बद्रीनाथ धाम पहुंचे। जहां संगठन के सदस्यों ने तप्त कुंड में स्नान किया व बद्रीनाथ धाम के दर्शन किए। संगठन के सदस्य भारत के प्रथम गांव माणा पहुंचे, जो सरस्वती नदी का उद्गम स्थल है। सभी भक्तगण सकुशल अपने घर पहुंचे। महाकाल भक्त मंडल के सदस्य ने बताया कि केदारनाथ धाम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में सबसे प्रमुख व पंच केदार में से एक है। मान्यता है कि यहां दर्शन से मोक्ष मिलता है। बद्रीनाथ धाम को भू-वैकुंठ (धरती पर स्वर्ग) माना जाता है, जहां भगवान विष्णु नर-नारायण के रूप में ध्यानमग्न मुद्रा में वास करते हैं। मान्यता है कि यहां दर्शन करने से पापों का नाश होता है। यात्रा में सौरभ कुमार, देवेंद्र प्रजापति, आदित्य अग्रवाल, ऋषभ गुप्ता, आकाश भटनागर, अभिनव अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सागर कुमार, ऋषभ कुमार, अभय अग्रवाल, तरुण प्रजापति, शानू, हन्नी, देव, लक्ष्मण आदि शामिल रहे।



# बहन जी को फिर सीएम बनायेंगे



**चांदपुर ( चिंगारी )**। बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का आह्वान किया गया तथा बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुं मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। ग्राम ताहरपुर में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि बसपा के जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में चेतराम सिंह, मोहम्मद मोनिस, श्रीराम सिंह, संजीव कुमार, प्रिंस, अमित कुमार, रामकुमार, हरपाल सिंह, हेतराम सिंह, करण सिंह,अतुल कुमार,आदित्य कुमार, राजकुमार,अंशु कुमार, आयरन कुमार, शीशपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन कक्षाएं चलाने पर मंथन किया

**नांगल सोती ( चिंगारी )**। स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी, नयागांव (मंडावली) में विद्यालय की स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी, जिसमें प्रधानमंत्री की ऑनलाइन कक्षायें चलाने एवं ईंधन बचाने की अपील कर मंथन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बिजनौर टाइम्स ग्रुप के पत्रकार रुकन राजपूत ने कहा कि विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन कक्षायें चलाकर बच्चों को पढ़ा पाना बेहद मुश्किल है। कुछ बच्चों के पास एंड्रॉयड मोबाइल फोन ही नहीं हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सर्वर कनेक्टिविटी भी नहीं मिल पाती है। ऑनलाइन कक्षाओं को विद्यार्थियों के लिये वैकल्पिक किया जा सकता है। एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह ने विद्यालय के निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यार्थियों के नैतिक एवं सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों, परीक्षाफल, सहपाठ्यक्रम गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं को सबके समक्ष प्रस्तुत किया।



एसएफए में मीटिंग में मौजूद रहे अभिभावक एवं टीचर्स

# नगर पालिका ने रेल विभाग को लगभग 34. 64 लाख का एस्टीमेट सौंपा

**स्योहारा ( चिंगारी )**। स्योहारा-नूरपुर रोड पर फाटक संख्या 446बी पर ओवर ब्रिज बनने के प्रक्रिया जारी है। इसी प्रक्रिया में रेलवे के कुछ विभागीय कर्मचारियों द्वारा बुधवार को नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल और पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी से थाना रोड के दोनों और का स्थान खाली करने का आग्रह किया है। नगर पालिका अध्यक्ष फैसल वारसी ने बताया कि रेलवे के दो प्रतिनिधि बुधवार को नगर पालिका पहुंचे और उन्होंने नगर पालिका की पाइप लाइन, रोड, खंबे, नाले, नालियां, सिविल वर्क आदि हटाने की बात की। जिस पर नगर पालिका ने विभागीय अधिकारियों को 34.64 लाख का एस्टीमेट सौंप दिया है।

नगर पालिका अध्यक्ष का कहना है कि जब विभाग के द्वारा स्टीमेट धन नगर पालिका खाते में जमा हो जाएगा तो नगर पालिका रेलवे के मांगे गए अनुसार उन्हें स्थान उपलब्ध करा देगी। उल्लेखनीय है कि यहां रेलवे फाटक 446 बी पर ओवर ब्रिज न होने के कारण वाहनों को कई कई घंटा जाम में फंसा रहना पड़ता है। ओवर ब्रिज़ बनाने की प्रक्रिया के चलते कुओं को गलाने तथा भूमि परीक्षण आदि का कार्य किया जा चुका है। चीनी मिल के गन्ना सीजन के चलते प्रक्रिया कुछ धीमा दिखाई दे रही थी, परंतु आने वाले वर्ष 2027 तक इसके पूर्ण होने की उम्मीद जनता द्वारा की जा रही है, जिसके तहत अवरोधों को हटाने की कार्यवाही इसके अंतर्गत की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि एस्टीमेट जमा होने के बाद बहुत जल्दी तोड़फोड़ शुरू हो जाएगी।

# शत-प्रतिशत रहा हेजलमून स्कूल का परीक्षाफल

**चांदपुर ( चिंगारी )**। द हेजलमून स्कूल का सीबीएसई इंटर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने बताया कि साइंस स्ट्रीम में आन्या जैन ने 90.6 प्रतिशत, ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में माही यादव ने 91.4 प्रतिशत, कॉमर्स स्ट्रीम में अनिशका शर्मा ने 91 प्रतिशत, पेंटिंग विषय में माही यादव, अनिशका शर्मा व इशिका यादव ने 100 अंक प्राप्त किये। फिजिकल एजुकेशन में अनिशका शर्मा ने 97अंक, अंग्रेजी विषय में माही तोमर ने 98 अंक, आन्या जैन ने बायोलाजी में 92अंक व म्यूजिक में 93 अंक तथा हिस्ट्री में माही यादव ने 96 अंक प्राप्त किये। विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल, निर्देशिका श्रीमती शक्ति मित्तल व प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# नहटौर की बेटियों ने किया नाम रोशन

**नहटौर ( चिंगारी )**। सीबीएसई 12वीं परीक्षा में इस बार नगर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर परचम लहराया। सांई मिलेनियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा गौरांशी डोलवाल ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नहटौर में प्रथम स्थान हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही छात्रा और उसके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्रा विदिशा गहरवार ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सांई मिलेनियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की ही छात्रा भूमिका गौतम ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सांई मिलेनियम सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा इशमीता कौर ने 93.4 प्रतिशत, ऑक्सफोर्ड स्कूल की छात्रा वंशिका पाल ने 91.8 प्रतिशत, इशिता सिंह ने 89.6 प्रतिशत तथा वंशिका राजपूत ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया।



# ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने को तालाब का सर्वे किया

**नहटौर ( चिंगारी )**। बढ़ती गर्मी को देखते हुए तालाबों में पानी की व्यवस्था पर्याप्त हो उसके लिए सर्वे हुआ। ब्लॉक में 39 अमृत सरोवर सहित सैकड़ों तालाब हैं। तालाबों की स्थिति के आधार पर पंचायत की आय बढ़ाने को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। नहटौर ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में बने अमृत सरोवरों में पानी की स्थिति के लिए ब्लॉक स्तर से तालाबों की जांच के लिए सहायक तकनीकों को लगाया गया है। तालाबों में जल भरा होने पर रोजगार के लिए उसका उपयोग किया जायेगा, जिससे पंचायतों की आय बढ़ेगी। ब्लॉक में 39 अमृत सरोवर संचालित हैं। जांच टीम ने तालाबों को पानी से भरने के लिए नदी, नहर, ट्यूबवैल की जानकारी भी दी है, जिससे समय पर पानी की आवश्यकता होने पर अमृत सरोवर में पानी भरा जा सके। खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने बताया ब्लॉक में 39 अमृत सरोवर हैं, जिनमें पानी की स्थिति को जांचा गया है। उन्होंने बताया कि जिन तालाबों का उपयोग रोजगार के रूप में नहीं हो रहा है। उनकी स्थिति के आधार पर उनमें सिंघाड़ा, मछली पालन आदि के लिए तैयार कर रोजगार से जोड़ा जायेगा।

# पूर्वी गंगा नहर में शव मिलने से सनसनी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के रायपुर रोड स्थित गढ़मलपुर पूर्वी गंगा नहर में गुरूवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि शव बुरी तरह से गल चुका है तथा काफी पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, मगर पहचान नहीं हो पाई। मृतक की आयु करीब 40 वर्ष है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

# मूलचंद एकेडमी के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम उच्चतम रहा। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सुदृढ़ प्रतिभा का बहुत सुन्दर प्रदर्शन किया। विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी मेधावी छात्र छात्राओं को उनके माता-पिता सहित आमंत्रित किया गया। बच्चों को सम्मानित किया गया। सिमरन कौर 96.2 प्रतिशत अंक पाकर उच्चतम श्रेणी में रही, जीव विज्ञान व गणित वर्ग से बरीरा खातून 86.4 प्रतिशत, रश्मि 87.4 प्रतिशत, अंशिका चौहान 85.4 प्रतिशत, व्यापी 83 प्रतिशत, वाणिज्य विभाग में अब्दुल्ला खान 88 प्रतिशत, सायना मंसूरी 88 प्रतिशत, अलिशा अंसारी ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम प्रकाशवान किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री अनिल चौहान एडवोकेट ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय में अलंकरण समारोह में हैंड बॉय व हैड गर्ल बनाए गए। हैड बॉय अनमोल वैद्य, हैड गर्ल निलाक्षी वर्मा, वाइस हैड बॉय अंश चौहान क्लास 11 से, वाइस हैड गर्ल अलफिना नाज क्लास 11 से पदस्थ किए गए। इसी प्रकार हाउस कैप्टन बनाए गए। अशोक हाउस से नवनीत प्रजापति, वाइस हाउस कैप्टन तनवी, वॉलंटियर हर्षित चौहान, सुभाष हाउस में आयुषराज कशिश, अंश चंद्रा, टैगोर हाउस में आफान रजा, अरीबा खान, रोहन, गौरव विवेकानंद हाउस में रुद्राक्ष, जोया, पारस, मनप्रीत, नमरा आदि छात्रों को मंच पर प्रोत्साहित करके उन्हें बैज लगाकर उनका स्वागत किया गया।




# साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी 'एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाते हुए कस्बा साहनपुर का विकास करते हुए डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना करने वाले साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। समारोह में एसपी अभिषेक झा व पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया ने साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने के साथ उत्कृष्ट विकास कार्यों व जनहित योजनाओं के सफल संचालन के लिए एक्सीलेंस 2026 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी को यह अवार्ड मिलने पर उनके समर्थकों व शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी का नहीं बल्कि पूरे साहनपुर कस्बे का है।




# वालिया ग्लोबल के तलहा जफर ने विद्यालय टॉप किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। वालिया ग्लोबल एकेडमी के सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में छात्र तलहा जफर ने सर्वाधिक 94 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय टॉप किया। सत्र 2025-26 का सीबीएसई की कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें वालिया ग्लोबल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी लगन व मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा-परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान वर्ग में छात्र तलहा जफर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अभिभावक का नाम रोशन किया। (वाणिज्य वर्ग) में सक्षम शर्मा ने 93.2 प्रतिशत, कुमारी दित्या ने 89.2 प्रतिशत तथा (विज्ञान वर्ग) में साक्षी तालिमान ने 89 प्रतिशत व तनु अहलावत ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक कमलकान्त वालिया व रमाकांत वालिया ने बच्चों के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके भविष्य में इसी प्रकार मेहनत व लगन से कार्य करने की प्रेरणा दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई देते हुए बताया कि यह सफलता दर्शाती है कि सही दिशा व निरन्तर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



# जनगणना के बीच समायोजन का तड़का

## शिक्षा विभाग ने सरप्लस शिक्षकों की सूची की जारी
## जिले में करीब 150 स्कूल हैं एकल

**बिजनौर ( चिंगारी )**। शिक्षा विभाग ने जिले के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरप्लस शिक्षकों को इधर से उधर करने की तैयारी शुरू कर दी है। स्कूलों के सरप्लस शिक्षकों की सूची भी जारी कर दी है। जिले में करीब 150 स्कूल ऐसे चिन्हित किए गए हैं जिनमें एक-एक भी शिक्षक तैनात हैं। जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी होने से अब समायोजन की तैयारी की सूचना से शिक्षकों में हड़कंप मचा है। जिले के अधिकांश शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई है, लेकिन समायोजन किए जाने के निर्देश से शिक्षक परेशान हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा जारी की गई सूची में विकास क्षेत्र आकू में 60, नजीबाबाद में 93, कोतवाली देहात में 76, जलीलपुर में 27, किरतपुर में 47, विकास क्षेत्र अलीपुर में 66, नूरपुर में 71, हल्दौर में 61, बुधनपुर में 28, मोहम्मदपुर देवमल में 99 शिक्षक सरप्लस की श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। जिले में 628 शिक्षकों को सरप्लस चिन्हित किया गया है। सरप्लस शिक्षकों की सूची जारी होते ही शिक्षकों में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि अधिकांश शिक्षकों की जनगणना में ड्यूटी लगाई गई है। जनगणना के अंतर्गत शिक्षकों के कर्मचारियों ने घरों को चिन्हित करने का काम भी शुरू कर दिया है। जनगणना की ड्यूटी के बीच सरप्लस शिक्षकों को इधर से उधर करने का आदेश किसी के गले नहीं उतर रहा है। जारी की गई सूची पर आपत्ति दर्ज होना भी शुरू हो गया है। साथ ही 20 में से परिषदीय स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार कसाना ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर सरप्लस शिक्षकों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये थे। उधर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिले में किसी भी शिक्षक का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी शिक्षकों का तबादला हुए एक साल में पूरा नहीं बीता है।

# नेता, मंत्री खुद भी तो अमल करें- काजी

**बिजनौर ( चिंगारी )**। सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की देश की जनता से भावनात्मक अपील की एक साल तक कोई भी ब्याह-शादी या खुशी के मौके पर सोना न खरीदें और कहीं आने-जाने में पेट्रोल-डीज़ल की बचत करें। अपने खाने-पीने में भी कटौती करें, इससे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर कटौती करनी है तो जनता को क्यों ज्ञान बांट रहे हैं अपने विदेश भ्रमण में कटौती करें। अपने मंत्री, सांसदों एवं विधायकों से आह्वान करें कि रिक्शा में विधानसभा और संसद जाएं, माननीय सांसदों, विधायकों की सैलरी कम करें। पूर्व सांसदों, विधायकों की पेंशन बंद करें, फिर देखें इस संकट काल का पता भी नहीं चलेगा। गरीब जनता को क्यों हर संकट झेलना पड़े, देश को अगर पटरी पर रखना है तो काला बाज़ारी पर नकेल कसनी पड़ेगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद हल्दौर, जनपद-बिजनौर

पत्रांकः/ 1031/न0पा0प0ह0/2026-27, दिनांकः 13 मई, 2026

-:: सार्वजनिक सूचना ::-

-:: नोटिस अन्तर्गत धारा 143 (1), 147 (2) उ0प्र0 नगरपालिका अधिनियम 1916 ::-

एद्तद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सम्पत्तिओं का नामान्तरण हेतु रजिस्टर्ड बैनामा/रजिस्टर्ड वसीयतनामा/वारिसान प्रमाण-पत्र/मृत्यु प्रमाण-पत्र/शपथ-पत्र व अन्य विधिक साक्ष्यों सहित आवेदन पत्र दिये गये है। नगरपालिका के गृहकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्तिओं के संबंध में नया नाम दर्ज होना है, जिनका विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. सं. | सम्पत्ति का पता | केता का नाम व पता | विक्रेता का नाम व पता | नामान्तरण का आधार | क्षेत्रफल | भवन संख्या/ अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | मौ0 सराय | श्रीमती गुलनाज परवीन पत्नी श्री मौहम्मद अरशद, नि0 मौ0 सराय, हल्दौर (बिजनौर)। | श्री मौं0 कासिम पुत्र श्री मौं0 आरिफ, नि0 मौ0 धूलियावाला, हल्दौर(बिजनौर)। | पंजीकृत बैनाम दि0 27.04.2026 | 201.89 वर्ग मी0 | नया नाम |

अतः उपरोक्त सम्पत्ति पर कॉलम संख्या-03 में अंकित नाम को निकाय के गृहकर अभिलेखों में दर्ज करने में यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो निकाय कार्यालय में अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करने के लिए उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) का समय दिया जाता है। निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्त सम्पत्ति पर स्वामित्व के रूप में आवेदक का नया नाम नगर पालिका परिषद हल्दौर (बिजनौर) के गृहकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्
हल्दौर (बिजनौर)

# भारत पुत्र जगतराम गुप्ता का था एक साल पहले मिला सिर

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। कालागढ़ के हाथी कैंप के समीप एक साल पहले क्षत-विक्षत अवस्था में मिला मानव सिर केंद्रीय कॉलोनी निवासी भारत पुत्र जगतराम का निकला। डीएनए रिपोर्ट आने के बाद मृतक की पहचान की पुष्टि हो गई है।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च 2025 को सीमावर्ती क्षेत्र कालागढ़ में स्थित हाथी कैंप के समीप मानव खोपड़ी मिलने से सनसनी फैल गई थी। मौके पर बाघ के पंजों के निशान और शव घसीटे जाने के चिन्ह भी मिले थे। जिसके बाद बाघ के हमले की आशंका जताई गई थी। सिर की हालत बेहद खराब होने के कारण तत्काल पहचान संभव नहीं हो सकी थी।

प्रारंभिक जांच में पुलिस और स्थानीय लोगों ने आशंका जताई थी कि यह सिर केंद्रीय कॉलोनी कच्चा प्लॉट निवासी भारत पुत्र जगतराम गुप्ता का हो सकता है। जो घटना से करीब एक सप्ताह पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा उनकी गुमशुदगी कालागढ़ थाने में दर्ज कराई गई थी।


पूर्व में मिला क्षत-विक्षत अवस्था में मिली मानव सर व मृतक का फाइल फोटो।


थानाध्यक्ष कालागढ़ संजीव ममगई।

घटना के बाद पुलिस और वन विभाग की टीमों ने आसपास के जंगल क्षेत्र में शव के अन्य हिस्सों की तलाश की थी। परंतु उनका कोई पता नहीं लग पाया था। और मिले सर को देखकर पहचान कर पाना संभव नहीं था। इसलिए सभी को डीएनए रिपोर्ट का इंतजार था। घटना के एक साल से अधिक बाद बृहस्पतिवार को आई डीएनए रिपोर्ट में मानव सिर की पहचान भारत पुत्र जगतराम के रूप में होने की पुष्टि हो गई है।

कालागढ़ थानाध्यक्ष संजीव ममगई ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि क्षत-विक्षत अवस्था में मिला मानव सर भारत गुप्ता का ही है। जिनकी बाघ के हमले में मौत हो गई थी।

# NEET परीक्षा रद्द होना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ - विकास नेगी



देहरादून ( चिंगारी )। नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ़ इंडिया उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने NEET2026 परीक्षा रद्द होने और मामले में भाजपा से जुड़े नेता की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह केवल परीक्षा रद्द होने का मामला नहीं, बल्कि लाखों छात्रों के सपनों और भविष्य पर सीधा कुठाराघात है।

विकास नेगी ने कहा कि देशभर के लाखों विद्यार्थियों ने दिन-रात मेहनत कर NEET परीक्षा की तैयारी की थी। अभिभावकों ने अपनी गाढ़ी कमाई बच्चों की पढ़ाई पर खर्च की, लेकिन सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि अब जब इस मामले में भाजपा से जुड़े नेता की संलिप्तता सामने आई है, तो यह साफ हो गया है कि शिक्षा व्यवस्था भी राजनीतिक संरक्षण में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।

NSUI प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती घोटाले और परीक्षा अनियमितताओं ने युवाओं का विश्वास तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं।

विकास नेगी ने केंद्र सरकार से मांग की कि पूरे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए।

उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े सभी आरोपियों की भूमिका सार्वजनिक की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। इसके साथ ही प्रभावित छात्रों को मानसिक, शैक्षणिक और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की गई।

# बरात में तमंचा लहराने वाला युवक गिरफ्तार



किरतपुर ( चिंगारी )। चार दिन पूर्व बारात में हुए झगड़े में तमंचा लहराने वाले युवक को पुलिस ने कल तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 मई 2026 को पास के गांव बुढ़पुर नैन सिंह से एक बारात ग्राम ज्वालाचंडी गई थी वहां बारात में मोहल्ला अंबेडकर नगर के गौतम के साथ झगड़ा हो गया था। झगड़े में एक युवक तमंचा लहरा रहा था वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई पुलिस ने गौतम की ओर से दो व्यक्तियों को नामजद करते हुए थाने पर रिपोर्ट लिखवाई थी। दरोगा आशीष पूनिया ने कल तमंचा लहराने वाले लकी पुत्र आसाराम निवासी ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर थाना कोतवाली देहात को 315 बोर के एक तमंचे व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




# 'गरिमा' ने बढ़ाई द स्कॉलर वैली स्कूल की गरिमा

धामपुर ( चिंगारी )। द स्कॉलर्स वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई की कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की छात्रा गरिमा सिंह ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। याशी चौहान ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कनक शर्मा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी इस प्रकार हैं। हिंदुस्तान वोकल म्यूजिक : हलीमा सादिया 98, स्तुति अग्रवाल 96, नैनी चौहान 95, अजरा परवीन 93, प्रियांशु चौहान 92, शुभाकारण सिंह 92, अविश शर्मा 90 प्रतिशत हिंदी कोर : गरिमा सिंह 98, याशी चौहान 95, अंग्रेजी कोर : निराली गुप्ता 97, ऋषिका सिंह 95 प्रतिशत, इन्फामेटिक्स प्रैक्टिस : निराली गुप्ता 97, याशी चौहान 94, बिजनेस स्टडीज : कनक शर्मा 93, बॉयलोजी : गरिमा सिंह 91 प्रतिशत। विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिन सिंह, निदेशक जसप्रीत सिंह एव श्रीमती शैलप्रीत कौर ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# मंत्री गणेश जोशी ने किया सहस्त्रधारा क्षेत्र का भ्रमण



देहरादून ( चिंगारी )। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कार्लीगाड़-सहस्त्रधारा स्थित आपदा प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को बरसात से पहले सुरक्षा इंतजाम दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर उन्होंने खटीमा स्थित सीएसडी कैंटीन को यूआरसी कोड दिलाने के लिए भारतीय सेना के मध्य कमान के आर्मी कमांडर को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्लीगाड़-सहस्त्रधारा क्षेत्र में आपदा प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को तत्काल मलवा चैनलाइजेशन का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून से पूर्व संवेदनशील क्षेत्रों में सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी भी संभावित खतरे से लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने जिला प्रशासन को खनन संबंधी टेंडर प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराने के निर्देश भी दिए, जिससे नदी-नालों के सुचारु प्रवाह और मलवा निस्तारण का कार्य तेजी से किया जा सके। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावित क्षेत्रों से जल्द मलवा हटाया जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, सिंचाई विभाग के ईई दीक्षांत गुप्ता, जिला खान अधिकारी ऐश्वर्य शाह, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, ग्राम प्रधान राकेश जवाड़ी और कनिष्ठ प्रमुख धीरज थापा समेत कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# इंदिरापुरम में हनुमान चालीसा पाठ में उमड़ी श्रद्धा

**नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय माहौल**

देहरादून ( चिंगारी )। इंदिरापुरम क्षेत्र स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में ज्येष्ठ माह के अवसर पर आयोजित हनुमान चालीसा पाठ एवं भक्तिमय कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। 'नर्मदेश्वर कीर्तन मंडली' द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर बजरंगबली की आराधना की। कार्यक्रम में ब्रह्मकमल शक्ति संस्था के अध्यक्ष अभिनव थापर ने शामिल होकर प्रभु श्रीराम भक्त हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

# जनसमस्याओं को लेकर रंजना रावत ने चलाया जागरूकता अभियान

कोटद्वार ( चिंगारी )। नगर निगम द्वारा विभिन्न टैक्स लगाए जाने, क्षेत्र में बढ़ती नशीले पदार्थों की बिक्री सहित अन्य जनसमस्याओं के खिलाफ स्थानीय लोगों को जागरूक करने के लिए कांग्रेस की पूर्व मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने जनजागरण अभियान आरंभ कर दिया है। नगर निगम के वार्ड नं. 29 घमंडपुर में जनजागरण अभियान के प्रथम चरण में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय जनता ने प्रशासन से कोटद्वार को जिला बनाने की मांग की थी, लेकिन प्रशासन ने जिले की बजाय कोटद्वार को नगर निगम बना दिया। कहा कि नगर निगम में सुविधाएं तो नहीं दी जा रही हैं, लेकिन तमाम तरह के टैक्स जनता पर थोपे जा रहे हैं। इस क्रम में जनता से हाउस टैक्स की वसूली की तैयारी की जा रही है, जिसे किसी भी हाल में उचित नहीं कहा जा सकता। वहीं क्षेत्र में लगातार नशीले पदार्थों की बिक्री बढ़ती जा रही है और क्षेत्र का युवा इसकी चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद करने पर लगा हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में कई और समस्याएं भी हैं, जिनके निस्तारण का प्रयास नहीं किया जा रहा है। मौके पर उपस्थित जनता से उन्होंने असुविधाओं के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व प्रधान ज्योति रावत, लक्ष्मी देवी, कविता देवी, शालिनी देवी, प्रियांशु सिंह, आयुष रावत, मनवीर सिंह नेगी, विजय कुमार, रंजन नेगी और विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद रहे।

# पेट पर मारकर धारदार हथियार, युवक को तड़पता छोड़ फ़रार

शेरकोट ( चिंगारी )। एक युवक ने मामूली बात को लेकर तीन लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवक की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में नगर के मोहल्ला तराई निवासी मौ साकिब ने बताया कि 11 वर्ष पूर्व उसकी बहन की शादी नगर के मोहल्ला बकरकसाबान निवासी जावेद पुत्र सरदार उर्फ कर्ता से हुई थी। साकिब के मुताबिक पति-पत्नी में अनबन होने के कारण उसकी बहन बीते 4 साल से उनके घर मायके में रह रही थी। बीमारी के चलते गत 30 मार्च को इलाज के दौरान उसकी बहन की मौत हो गई। साकिब के मुताबिक ससुराल वाले चालिसवे नियाज़ कर रहे थे। गत 10 मई को इसी बात को लेकर उसने अपनी मृत बहन के सास सवाना ,ससुर कर्ता व देवर सुहैब से नियाज़ के सम्बन्ध में बात करते हुए कहा कि जिंदा रहते तो तुमने मेरी बहन का ध्यान नही रखा , मरने के बाद ये सब करने से कोई फायदा नही है। साकिब का आरोप है कि ये बात कहकर जब वे अपने घर आ रहे थे तो इस बात से नाराज़ इन लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान सुऐब ने धारदार हथियार से पेट पर वार कर घायल कर दिया और आरोपी जान से मारने की धमकी देकर घायल पड़ा छोड़ फरार हो गए।

थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी गया है।

# बाइकों की टक्कर में तीन घायल

शेरकोट ( चिंगारी )। दो बाइकों की आमने सामने से हुई टक्कर में एक बच्चे सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। बढ़ापुर निवासी मौ अफजल अपने चाचा आफताब और 8 वर्षीय चचेरे भाई रागिब के साथ आज देर शाम शेरकोट से अपने घर लौट रहा था। हरेवली मार्ग पर जब वे ग्राम छीबरी के निकट स्थित मोड़ पर पहुंचा तो उसकी टक्कर सामने से आयी दूसरी बाइक से हो गई। इस घटना में दोनों बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क पर गिरने से उनपर सवार अफजाल,रागिब और हरेवली से लौट रहें धामपुर के मुहल्ला महल सराय निवासी राजा घायल हो गये। इस दौरान मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तीनों घायलों को उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भेज दिया। बाइक सवारों ने घटना की सूचना पुलिस को नही दी है।

# नगर निगम ने अभियान चलाया अपनी भूमि को कब्जामुक्त कराया

कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत झंडीचौड़ में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर हेतु हस्तांतरित नगर निगम की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन, नगर निगम और पुलिस के संयुक्त दल ने अभियान चलाकर हटवा दिया है। गुरूवार को नगर आयुक्त पी.एल. शाह ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त भूमि पूर्व में राजस्व विभाग से नगर निगम को हस्तांतरित की गयी थी। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लगभग आधा बीघा भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अस्थायी एवं स्थायी निर्माण कर अवैध अतिक्रमण किया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम, राजस्व विभाग तथा पुलिस बल के संयुक्त दल द्वारा मौके पर अभियान चलाया गया और अतिक्रमण को हटाते हुए भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। मौके पर नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा सरकारी भूमि की सुरक्षा हर हालत में सुनिश्चित की जाएगी। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सिडकुल की खाली पड़ी औद्योगिक भूमि सरकार के पक्ष में हुई दर्ज

कोटद्वार ( चिंगारी )। कोटद्वार के सिडकुल क्षेत्र में वर्ष 2013 से खाली पड़ी औद्योगिक भूमि को राजस्व अभिलेखों में सरकार के पक्ष में दर्ज करने की कार्रवाई पूरी कर ली गयी है। यह कार्रवाई उच्च न्यायालय प्रयागराज में विचाराधीन श्यामलाल इस्पात बनाम राज्य वाद के क्रम में न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की गई है। उपजिलाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सिडकुल द्वारा श्यामलाल इस्पात को फैक्ट्री संचालन हेतु लगभग 0.466 हेक्टेयर (करीब 7.2 बीघा) भूमि लीज पर आवंटित की गयी थी। समय के साथ कंपनी डिफॉल्टर हो गयी तथा उसके वैधानिक उत्तराधिकारियों का भी कोई स्पष्ट पता नहीं चल पाया। इसके बाद सिडकुल प्रशासन द्वारा उक्त भूमि की नीलामी कराई गई, जिसमें मोहम्मद याकूब सफल बोलीदाता घोषित हुए। बताया कि सफल बोलीदाता द्वारा न तो निर्धारित धनराशि जमा करायी गयी और न ही भूमि पर कब्जा लिया गया। सिडकुल की ओर से कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद भी कब्जा ग्रहण नहीं किया गया, जिसके चलते भूमि लंबे समय तक खाली पड़ी रही। मामले का संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय प्रयागराज ने जिला प्रशासन को उक्त भूमि को सरकार में निहित किए जाने के निर्देश दिए। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए भूमि को सरकार में दर्ज कर लिया गया है। उपजिलाधिकारी के अनुसार, इस कार्रवाई से लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी औद्योगिक भूमि का वैधानिक निस्तारण संभव हो सका है तथा ऐसा करने से भविष्य में भूमि के नियोजित उपयोग का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

# 15वीं पुण्यतिथि पर किसानों ने बाबा टिकैत को किया याद

## हवन-पूजन के साथ आंदोलनों को किया स्मरण, नुमाइश मैदान में बांटी गई नींबू शिकंजी



बिजनौर ( चिंगारी )। गन्ना समिति बिजनौर में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक एवं किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की 15वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया तथा किसानों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने बाबा टिकैत के संघर्षपूर्ण जीवन और किसानों के हित में किए गए आंदोलनों को याद करते हुए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में नुमाइश मैदान में आम जनता और किसानों को जूस एवं नींबू शिकंजी वितरित की गई। वक्ताओं ने कर्मो खेड़ी बिजलीघर आंदोलन, नईमा कांड और भोपा नहर कांड जैसे किसान आंदोलनों का उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत ने हमेशा किसानों की आवाज बुलंद की और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया। किसानों ने बताया कि जब भी बाबा टिकैत बिजनौर आते थे, तो वह रशीदपुर गढ़ी जरूर जाते थे। वहां किसानों के साथ बैठकर हुक्का गुड़गुड़ाते थे और गुड़ व मठ्ठे का आनंद लेते थे। किसानों ने कहा कि आज भी क्षेत्र के लोग उन्हें सम्मान और श्रद्धा के साथ याद करते हैं तथा उनकी कमी महसूस करते हैं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, मनप्रीत सिंह, राम अवतार सिंह, सोनू चौधरी, वीरेंद्र सिंह, कोमन सिंह, प्रमोद कुमार, अरुण कुमार, डॉ. विजय सिंह, हर्षवर्धन, सोनू विर्क, संदीप त्यागी, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, विनीत मौर्य, चौधरी चंद्रपाल सिंह, रवि शेखर तोमर, मुनेश अहलावत, मुनेंद्र काकरान, शीशपाल सिंह, आशु चौधरी, सौरभ कुमार, नीटू चौधरी, नदीम विकार, सूर्य बालियान, अनिल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च कर तेल बचत का संदेश दिया



बिजनौर ( चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वैश्विक तेल संकट के बीच देशवासियों से पेट्रोल और डीजल के संयमित उपयोग की भावुक अपील की गयी है।

इस आह्वान को पेट्रोल-डीजल बचाओ या ईंधन संरक्षण अभियान के रूप में देखा जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अधिवक्तागण शास्त्री चौक पर एकत्र होकर पैदल मार्च करते हुए जनपद न्यायालय परिसर स्थित स्वर्गीय विरेन्द्रपाल सिंह एडवोकेट बार हाल पहुंचे तथा राजेन्द्र कुमार एडवोकेट की अध्यक्षता व चौ.मनोज कुमार सेठी एडवोकेट के संचालन में बैठक आयोजित कर ईंधन बचाने हेतु संकल्पित हुए तथा जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष चौ. राजेन्द्र कुमार एडवोकेट द्वारा बिजनौर नगर के अधिवक्तागण से राष्ट्रहित में न्यायालय चौपहिया वाहन से न आने की अपील की गयी है। इस दौरान जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के पूर्व अध्यक्ष एस.के.बबली एडवोकेट, निरंकार सिंह एडवोकेट, यशपाल सिंह एडवोकेट, राजीव चौहान एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह जंघाला, एडवोकेट, सत्यप्रकाश चौहान एडवोकेट, चरत सिंह एडवोकेट, पूर्व महामन्त्री रामेन्द्र सिंह एडवोकेट, सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष तारा सिंह एडवोकेट, रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द कुमार एडवोकेट, साजेन्द्र कुमार एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता महीपाल सिंह, अनुज चौधरी एडवोकेट, सौरभ चौधरी लवली एडवोकेट, उपाध्यक्ष तुषार चौधरी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कविता चौधरी एडवोकेट, संयुक्त मंत्री मोहित मलिक, नितिन कुमार, शुभम चौधरी एडवोकेट, वरुण अग्रवाल, भोलू एडवोकेट उपस्थित रहे।

# राज्य में ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत हेतु व्यापक कार्ययोजना लागू

## मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर सभी विभागों को जारी हुए विस्तृत दिशा-निर्देश

**देहरादून ( चिंगारी )।** राज्य सरकार ने ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत और सतत विकास को लेकर व्यापक कार्ययोजना लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के बाद प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने सभी विभागों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।



सरकार ने स्पष्ट किया है कि कोविड महामारी के बाद उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों, रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य ऊर्जा खपत में कमी लाने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को जन आंदोलन का स्वरूप देना है।

जारी निर्देशों के अनुसार सभी सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखा जाएगा। अनावश्यक बिजली, रोशनी और ऊर्जा उपकरणों के उपयोग पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को ऊर्जा बचत के प्रति संवेदनशील बनाते हुए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग तथा साझा वाहन व्यवस्था अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

ईंधन की खपत कम करने के उद्देश्य से सभी विभागों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। अनावश्यक भौतिक बैठकों को सीमित कर प्रशासनिक कार्यों को वर्चुअल माध्यम से संचालित करने पर बल दिया गया है। राज्य सरकार ने 'वर्क फ्रॉम होम', 'नो व्हीकल डे', कर्मचारी बस सेवाओं तथा साइकिल शेयरिंग जैसी व्यवस्थाओं को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। निजी संस्थानों को भी ऊर्जा संरक्षण अभियान में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**राज्य सरकार ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत से जुड़े उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सरकार का मानना है कि जनभागीदारी के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को सफल बनाया जा सकता है।**

## महाविद्यालय में सिनेमा व शिक्षा विषय पर हुआ सेमिनार

**कोटद्वार( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में बी.एड. प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के लिए आर्ट एवं ड्रामा पाठ्यक्रम के अंतर्गत सिनेमा एवं शिक्षा विषय पर कक्षा सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार का आरंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी ने कहा कि सिनेमा समाज का दर्पण होता है तथा भावी शिक्षकों के लिए इसके शैक्षिक उपयोग की समझ अत्यंत आवश्यक है।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 15/न.पा.परि.बि./2026-27 दिनांकः- 14.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-816 मौहल्ला सिविल लाइन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में स्व. डॉ. प्रबोध कुमार सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में अंकित स्वामी के पुत्र द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्य प्रमाण पत्र के आधार पर डॉ. निखिल कुमार सिंह पुत्र स्व. डॉ. प्रबोध कुमार सिंह ने आवेदन किया है, मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्य प्रमाण पत्र एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी डॉ. निखिल कुमार सिंह पुत्र स्व. डॉ. प्रबोध सिंह का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद-बिजनौर )**

संख्या: 14/न.पा.परि.बि./2026-27 दिनांकः- 14.05.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147(1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-817 मौहल्ला सिविल लाइन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में स्व. डॉ. प्रबोध कुमार सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में अंकित स्वामी के पुत्र द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्य प्रमाण पत्र के आधार पर डॉ. निखिल कुमार सिंह पुत्र स्व. डॉ. प्रबोध कुमार सिंह ने आवेदन किया है, मृत्यु प्रमाण पत्र व पारिवारिक सदस्य प्रमाण पत्र एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी डॉ. निखिल कुमार सिंह पुत्र स्व. डॉ. प्रबोध सिंह का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

# राहत : प्रीपेड मीटर अब पोस्टपेड में बदले जायेंगे

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले के बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से प्रीपेड मीटर की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ताओं के मीटर अब पोस्टपेड में बदले जाएंगे। शासन से आदेश जारी होने के बाद बिजली विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

जिले में बिजनौर और धामपुर दो सर्कल हैं, जहां करीब एक लाख दस हजार प्रीपेड मीटर उपभोक्ता हैं। उपभोक्ताओं का कहना था कि प्रीपेड मीटर में लगातार बढ़ते बिलों और बार-बार रिचार्ज कराने की समस्या से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई बार बैलेंस खत्म होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी, जिससे लोगों को विभाग के चक्कर लगाने पड़ते थे। अधीक्षण अभियंता धर्मराज सिंह ने बताया कि शासन से प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने के आदेश प्राप्त हो गए हैं। अब जिले के सभी प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के मीटर चरणबद्ध तरीके से पोस्टपेड किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को पहले की तरह महीने के अंत में बिजली बिल जमा करने की सुविधा मिलेगी। विभाग के इस फैसले से उपभोक्ताओं में खुशी का माहौल है। **( मुकुल पाल )**

# आईएचएमएस के स्वयंसेवियों ने सीखे आपदा प्रबंधन और आत्मरक्षा के गुर

## श्री सिद्धबली संस्कृत विद्यालय में आयोजित किया गया सात दिवसीय एनएसएस शिविर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कोटद्वार की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से श्री सिद्धबली संस्कृत विद्यालय, कोटद्वार में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस स्वयंसेवियों ने आपदा प्रबंधन एवं आत्म सुरक्षा के गुर सीखे।



विशेष शिविर का श्री सिद्धबली संस्कृत विद्यालय, कोटद्वार के व्यवस्थापक रमाकांत कुकरेती और विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक जोशी ने संयुक्त रुप से शुभारंभ किया। उन्होंने प्रेरणात्मक संबोधन देते हुए, स्वयंसेवियों से समाज में फैली कुरीतियों और बुराइयों के लिए जागरुकता फैलाने की अपील की। अगले दिन राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के विशेषज्ञों ने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा संबंधी विशेष प्रशिक्षण और ड्रिल कराई। इस दौरान पूर्व प्रशिक्षित एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त दैनिक स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित किए गए। शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने मलीन बस्ती में जरूरतमंद लोगों को वस्त्र एवं खाद्य सामग्री वितरित करते हुए सामाजिक सेवा का संदेश दिया। पांचवें दिन श्री सिद्धबली संस्कृत विद्यालय के आचार्य देवेंद्र नोटियाल ने स्वयंसेवकों को समाज सुधार एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विषय में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। छठवें दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वयंसेवकों ने श्री सिद्धबली मंदिर क्षेत्र में लगभग डेढ़ किलोमीटर की प्रेरणादायक ट्रैकिंग गतिविधि में भाग लिया। शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ, जिसमें स्वयंसेवियों ने लोक संस्कृति की छटा बिखेरी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीन त्रिपाठी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

# रेवेन्यू बार को शपथ दिलाई



कार्यक्रम में अपने विचार रखते अधिवक्ता।

**नगीना ( चिंगारी )।** रेवेन्यू बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बुधवार की दोपहर शपथ दिलाई गई। एसडीएम विजय शंकर एवं नगीना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक विश्नोई की मौजूदगी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। तहसील परिसर में आयोजित रेवेन्यू बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष सौरभ कौशिक व वरिष्ठ अधिवक्ता सलीमुद्दीन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरदयाल सिंह सोढ़ी, महासचिव फूल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर सिंह सैनी, संयुक्त सचिव आयशा रजा समेत समस्त कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ दिलाई। वरिष्ठ अधिवक्ता सलीमुद्दीन एडवोकेट के संचालन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मोहम्मद नईमग रामकुंवरग धर्मपाल सिंहग जगदीश सिंहग एसके काम्बोजग आरिफ खांग शहजाद अहमद टीपू आदि मौजूद रहे।

# पेपर लीक की घटनाएं युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ - नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने नीट पेपर लीक मामले पर तीखी नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया। उन्होंने कहा कि ये एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और अभिभावकों के साथ छलावा भी है। गुरुवार को देवी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व मंत्री नेगी ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं राष्ट्र के निर्माण और विकास में बहुत बड़ी बाधा है। आज युवाओं के भविष्य साथ खुला खेल किया जा रहा है। कहा कि ऐसी घटनाओं की जिम्मेदारी और आरोप तय होने चाहिए जिससे ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। कहा कि सरकारों की मंशा साफ होनी चाहिए जिससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। पूर्व मंत्री ने राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, भ्रष्टाचार चरम पर है और रोजगार के साधन एक सिरे से खत्म किए जा रहे हैं। आर्थिकी के ठोस साधन न होने के कारण लोग पलायन करने को मजबूर हो गए हैं लेकिन सरकार अपनी पीठ थपथपाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों पर भाजपा सरकार ने डाका डाल दिया है। सरकारी स्कूलों के बुरे हाल हो गए हैं, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हो गई हैं और बहू बेटियां कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मीना बछ्वाण, पूर्व प्रमुख गीता नेगी, शंकेश्वर सेमवाल, चंद्रमोहन खर्कवाल, विजय नारायण सिंह, प्रवीण रावत, अमित राज, सुनील सेमवाल, राकेश शर्मा, सुदर्शन भंडारी आदि मौजूद रहे।



पत्रकार वार्ता करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी।

# अशासकीय विद्यालय में शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिल सका वेतन

## शिक्षा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को लगाई फटकार

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश के सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने के मामले को गंभीरता से लेते हुए विद्यालयी शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए लंबित वेतन शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी भुगतान समय पर सुनिश्चित किए जाएं। डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों और कर्मचारियों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी शिक्षक या कर्मचारी को अनावश्यक आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन भुगतान में जो भी तकनीकी या प्रशासनिक बाधाएं आ रही हैं, उन्हें जल्द दूर कर नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित विद्यालयों और विभागीय स्तर पर लंबित औपचारिकताओं को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द वेतन निर्गत किया जा सके और शिक्षकों को राहत मिल सके।

# एजुकोल गर्ल्स स्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा बारहवीं की उत्तीर्ण छात्राएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में कक्षा बारहवीं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। रिशा नूर ने 91 प्रतिशत, अलीना इतफाल ने 89.2 प्रतिशत, आफिया परवीन ने 87.6 प्रतिशत, अदिति राजपूत ने 84.8 प्रतिशत, तरुणा सिंह ने 84.6 प्रतिशत, युगांशी सिसौदिया ने 82 प्रतिशत, तूबा नाज ने 81.6 प्रतिशत, अज्बा रहमानी ने 79.8 प्रतिशत, हंशिका भारद्वाज ने 77.2 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम उज्जवल किया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेंद्र सिंह, प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पीएम के आवाहन का हुआ असर अशोक राणा निकले घोड़ा तांगा पर

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वच्छ भारत की अपील से प्रेरित होकर धामपुर विधानसभा में भ्रमण एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए विधायक अशोक कुमार राणा ने वाहनों के स्थान पर घोड़ा तांगे का प्रयोग शुरू कर दिया है। खाड़ी देशों में गहराए युद्ध संकट के कारण बढ़ती ईंधन चुनौतियों और वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह पहल समय की आवश्यकता भी बन गई है। यह न केवल प्रदूषण को कम करने में सहायक हैं, बल्कि आम जनता के लिए किफायती, सुविधाजनक और सुरक्षित आवागमन का माध्यम भी बन रहे हैं। विधायक अशोक कुमार राणा ने आमजन से अपील की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के देशहित में की गई अपील पर अमल करें।



तांगे पर सवार विधायक अशोक राणा।



कार्यक्रम में उपस्थित माताएं-बहनें।

# साईं धाम पर हुआ शिरडी वाले बाबा का गुणगान

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित श्री साईं गंगा धाम पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने शिरडी वाले साईंनाथ महाराज का गुणगान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांईनाथ महाराज जी की मूर्ति के समक्ष सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान संदीप शर्मा कैटर्स एवं उनकी धर्मपत्नी मधु शर्मा सहित दीपांशु शर्मा एवं कनुप्रिया शर्मा, खयांश शर्मा, सुधांशु शर्मा, स्योहारा निवासी शुभम कौशिक एडवोकेट एवं तूलिका शर्मा, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष संजीव शर्मा कैटर्स एवं पूर्व पालिका सभासद अंजली शर्मा, पंडित आदित्य शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मंजू रानी शर्मा, अंशुल शर्मा, यश शर्मा, कुसुम रानी शर्मा, सौरभ शर्मा, दिव्या शर्मा आदि रहे। पूजन कार्यक्रम बरेली निवासी श्री सांई नाथ महाराज के दरबार के सेवक आचार्य पंडित अनिल कुमार शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के बीच संपादित कराया।

# संत निरंकारी भवन में हुआ सत्संग

**धामपुर ( चिंगारी )।** संत निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर ग्राम जैतरा में नूरपुर मार्ग पर स्थित संत निरंकारी भवन में सत्संग और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखी महात्मा भीम सिंह एडवोकेट द्वारा सत्संग कराया गया। सेवानिवृत शिक्षक मदनपाल सिंह राणा ने भजन प्रस्तुत किया। श्रीमती संजू देवी ने बाबा हरदेव सिंह को याद करते हुए बताया कि गुरु ज्ञान है शरीर नहीं। शरीर तो बदलते रहते हैं लेकिन महात्मा आत्मा का ज्ञान प्राप्त करके निहाल हो जाते हैं। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह जाफरपुर ,सरजीत सिंह शेखपुरा,नंदराम ने भी विचार व्यक्त किये। सत्संग के दौरान महात्मा कैलाश जी व बहन गुड़िया को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अंत में मुखी महात्मा भीम सिंह एडवोकेट ने सबको गद्दी से आशीर्वाद प्रदान किया।

# राज्यपाल से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, कानून व्यवस्था और भर्ती मामलों पर उठाए सवाल

## बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सौंपा ज्ञापन, न्यायिक जांच की मांग

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गुरमीत सिंह से राजभवन में मुलाकात कर राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, पुलिस कार्यप्रणाली और नर्सिंग अभ्यर्थियों के मुद्दे सहित कई मामलों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मांग की कि सरकार को इन मामलों में निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और आम जनता का भरोसा प्रशासन तथा पुलिस व्यवस्था से उठता जा रहा है। बीते दिनों राज्य में हुई कई घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली और प्रशासनिक निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि देहरादून के राजपुर रोड स्थित बार में हुई घटना ने न केवल कानून व्यवस्था बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इस मामले में पुलिस विभाग के भीतर समन्वय की कमी उजागर हुई है और वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।



कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बार प्रकरण में प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता की चर्चाएं आम हो चुकी हैं, जिससे जनता के बीच पुलिस कार्रवाई और जांच प्रक्रिया को लेकर अविश्वास की स्थिति बनी हुई है। प्रतिनिधिमंडल ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराने और दोषी अधिकारियों व संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने 30 अप्रैल 2026 को हुए पुलिस मुठभेड़ प्रकरण का भी मुद्दा उठाया। कांग्रेस का कहना है कि कथित अपराधी की मौत के बाद सामने आए कई तथ्य इस पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बना रहे हैं। पार्टी ने सवाल उठाया कि क्या पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान निर्धारित मानकों का पालन किया था और क्या स्वतंत्र एवं निष्पक्ष साक्ष्यों को पर्याप्त रूप से सामने लाया गया। कांग्रेस ने इस मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश या स्वतंत्र एजेंसी से कराए जाने तथा जांच प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग की।

**राजभवन पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, विधायक लखपत बुटोला सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि इन मामलों में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

# कनेक्टिविटी से संवरता उत्तराखण्ड

*उत्तराखण्ड में रोड और रेल दोनों क्षेत्रों में अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। इससे राज्य की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्रा तेज और सुगम होगी। साथ ही, पर्यटन, तीर्थयात्रा और स्थानीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।*



"यह वित्तीय सहायता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने और विकसित उत्तराखण्ड के विजन को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। राज्य में एक साल के भीतर रेल, सड़क, कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**उत्तराखण्ड में कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार रोड और रेल कनेक्टिविटी पर बराबरी से निवेश कर रही हैं। सुधार, सुंदरीकरण, सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण की इस व्यापक योजना से राज्य में आवागमन तेज, सुरक्षित और सुगम होगा, साथ ही पर्यटन, तीर्थयात्रा और स्थानीय आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।**

## कनेक्टिविटी से खुले द्वार दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे

### दिल्ली-देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे (210 किमी)

**लागत: 000000 करोड़ | प्रगति: 100%**

आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित दिल्ली- देहरादून ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद दिल्ली से देहरादून का सफर केवल ढाई घंटे में पूरा होगा। इससे यात्रा तेज, सुरक्षित और सुगम बनेगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

- दिल्ली से देहरादून तक सहज और तेज कनेक्टिविटी
- यात्रा 6-7 घंटे की जगह लगभग 2.5 घंटे में पूरी
- पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि
- दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखण्ड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को लाभ
- मार्च 2026 तक शुरू होने की संभावना
- औद्योगिक विकास, आवासीय कॉलोनियों और व्यापार के नए अवसरों में वृद्धि


## सुनहरे कल की कनेक्टिविटी पर निवेश

### देहरादून-पांवटा साहिब नेशनल हाईवे (44 किमी)

**लागत: ₹1,640 करोड़ | प्रगति: लगभग 95%**

पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) और देहरादून को जोड़ने वाला यह हाईवे यात्रा को तेज और आसान बनाते हुए समय को घटाकर लगभग 35 मिनट कर देगा। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

- 44 किमी लंबे हाईवे में 31.5 किमी पर यातायात शुरू और 13 किमी हिस्सा बनकर तैयार
- यमुना नदी पर 1,117 मीटर लंबा पुल तैयार
- झाझरा से प्रेम नगर तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा
- फरवरी तक यमुना पुल और प्रेमनगर अंडरपास का निर्माण पूर्ण होने की संभावना
- दिल्ली-दून कॉरिडोर के जुड़ने से दून के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी
- आशारोड़ी से लेकर झाझरा को जोड़ने के लिए चार लेन प्रोजेक्ट प्रगति पर



## मजबूत रेल कनेक्टिविटी से चारधाम यात्रा सालभर संभव

### ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन (125 किमी)

**लागत: ₹38,953 करोड़ | प्रगति: 65%**

इस महत्वाकांक्षी रेल लाइन के शुरू होने के बाद तीर्थयात्री और पर्यटक सालभर चारधाम यात्रा का लाभ ले सकेंगे। यह परियोजना सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, पर्यटन और तीर्थयात्रा में वृद्धि करेगी तथा स्थानीय आर्थिक विकास को सशक्त बनाएगी।

- इस रेल परियोजना में 12 रेलवे स्टेशन, 35 पुल और 17 सुरंगें शामिल
- प्रमुख सुरंगों का कार्य लगभग 94% तक पूरा
- यह रेल लाइन पर्यटन की लाइफलाइन साबित होगी
- हर मौसम में चारधाम यात्रा संभव होगी
- ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, धनोल्टी और देहरादून आने वाले सभी देश-दुनिया के पर्यटक लाभान्वित
- स्थानीय विकास और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी

## बड़ा निवेश, बढ़ती कनेक्टिविटी

### उत्तराखण्ड की प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति

छुटमलपुर-गणेशपुर और रुड़की-छुटमलपुर-यमुनानगर फोर लेन परियोजना
**लागत: ₹4,036 करोड़ | प्रगति: 100%**

नगीना-काशीपुर खण्ड फोर लेन परियोजना
**लागत: ₹2,536 करोड़ | प्रगति: 100%**

रामपुर-रुद्रपुर और रामपुर-काठगोदाम फोर लेन परियोजना
**लागत: ₹1,634 करोड़ | प्रगति: 100%**

देवबंद-रुड़की रेल लाइन (29.55 किमी)
**लागत: ₹1,050 करोड़ | प्रगति: 100%**

डाटकाली टनल-गणेशपुर 6 लेन हाईवे
**लागत: ₹169 करोड़ | प्रगति: 99.99%**

सहारनपुर बाईपास-गणेशपुर 6 लेन ग्रीनफील्ड हाईवे
**लागत: ₹797 करोड़ | प्रगति: 97.91%**

रुद्रपुर-काठगोदाम फोर लेन परियोजना
**लागत: ₹1,150 करोड़ | प्रगति: 97.22%**

दिल्ली-हरिद्वार 6 लेन परियोजना
**लागत: ₹1,475 करोड़ | प्रगति: 82.05%**


चारधाम रोड (825 किमी)
**लागत: ₹12,241 करोड़ | प्रगति: 76.24%**

## मजबूत रेल नेटवर्क से सशक्त होता उत्तराखण्ड

### अन्य रेल परियोजनाओं की प्रगति

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हर्रावाला, रुड़की और कोटद्वार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास
- हर्रावाला में 24 कोच हेंडलिंग सुविधाओं का विकास
- हरिद्वार-देहरादून रेल खण्ड की क्षमता वृद्धि में विस्तार
- टनकपुर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास
- रुड़की-देववंद नई रेल लाइन परियोजना (27.45) किमी शुरु
- बनहेड़ा खास व झबरेड़ा में नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण
- लक्सर-हरिद्वार रेल खण्ड 150 किमी प्रति घंटा तक उन्नत
- सहारनपुर-हरिद्वार खण्ड 110 किमी प्रति घंटा करने का प्रस्ताव
- 130 किमी प्रति घंटा गति लक्ष्य करने के लिए डीपीआर स्वीकृत
- दीर्घकालिक रूप से 160 किमी प्रति घंटा गति के लिए मार्गों की पहचान
- ऋषिकेश-डोईवाला बाईपास रेल लाइन का सर्वे करने के निर्देश
- कई स्थानों पर आरओबी, आरयूबी और एलएचएस से संबंधित कार्य पूर्ण
- पथरी में एकीकृत माल टर्मिनल सुविधा का विकास
- पथरी और ज्वालापुर स्टेशन एलएमवी लोडिंग के लिए उन्नत

संवरता, समृद्ध, सक्षम उत्तराखण्ड
नए भारत की पहचान




**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी**

www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR